# अनिल अंबानी की धोखाधड़ी और घोटाले पर सरकार की चुप्पी?

## हर्षद मेहता के बाद शेयर बाजार का सबसे बड़ा घोटाला

अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों पर एक बार फिर गंभीर वित्तीय गड़बड़ी एवं धोखाधड़ी के आरोप हैं। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी घोटाले में उनके खिलाफ जांच चल रही है।आरोप है उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की नकली ईमेल आईडी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी अनुबंध के लिए बैंक गारंटी जमा थी। इस मामले में उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हो चुका है। जिससे स्पष्ट है, सरकार उन्हें देश छोड़ने का अवसर नहीं देना चाहती है। यह कोई पहला मामला अनिल अंबानी के खिलाफ नहीं है। इससे पहले भी अनिल अंबानी पर विदेशी निवेश के जरिए अपने ही शेयरों को खरीदकर बाजार में हेरफेरी करने के आरोप लग चुके हैं। जिसमें सेबी ने 50 करोड़ का जुर्माना लगाकर मामला ÷निपटा÷ कर अनिल अंबानी की कंपनियों को बरी कर दिया था। इस पर केंद्र सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं। कंपनी नियमों का उल्लंघन और शेयर बाजार के घोटालेबाजों को कानून बदलकर सरकार द्वारा अनिल अंबानी और अडानी को बचाया गया है। राफेल डील में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स जैसी अनुभवी सरकारी कंपनी को दरकिनार कर अनिल अंबानी की अनुभवहीन कंपनी को सरकार के हस्तक्षेप से ठेका मिला। जो सरकार की बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ मिलीभगत को उजागर करता है। अनिल अंबानी की कंपनी ने जिस तरह की धोखाधड़ी की है। उससे स्पष्ट है, भारत में ÷क्रोनी कैपिटलिज़्म÷ किस हद तक बढ़ चुका है, जहां चुनिंदा उद्योगपतियों को बचाने के लिए सरकारों की नीति, कानून, संस्थाएं और जांच एजेंसियों को झुकना पड़ता है। सरकार और संस्थाओं को बड़े-बड़े उद्योगपति और कारोबारी ही उपकृत कर पाते हैं। जिसके कारण सरकार उनके सामने समय-समय पर झुकती रहती है। आम जनता बैंक लोन नहीं चुका पाए, तो घर छिन जाता है। बड़े पूंजीपति हजारों करोड़ लेकर फरार हो जाते हैं, या बेल पर घूमते हैं, उनको बचाने के लिए सरकार द्वारा नए-नए नियम और कानून बना दिए जाते हैं। इस मामले में सरकार की निष्क्रियता और पक्षपात ना केवल न्याय व्यवस्था में विश्वास को कमजोर करती हैं। बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर भी सवाल खड़े करता है। भारत के मीडिया में अब उद्योगपतियों का ही कब्जा है ऐसी स्थिति में उनसे कोई आशा भी नहीं की जा सकती है। मेन स्ट्रीम का मीडिया इन मामलों पर मौन साध लेता है। आज जरूरत इस बात की है, ऐसे मामलों में निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई हो। भारत में जो दोहरे कानून और नियम सरकारों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। उससे आम लोगों का भरोसा अब न्याय व्यवस्था से भी उठने लगा है सरकारों द्वारा बनाए जा रहे नियम कानून को लेकर भी आम जनता के मन में गुस्सा दिखने लगा है। सरकार को सभी के लिए एक से नियम कानून बनाने चाहिए। जिससे लोगों का कानून और नियमों पर विश्वास बना रहे। देश की वित्तीय प्रणाली पर जनता का भरोसा बना रहे। अनिल अंबानी जैसे प्रभावशाली लोग कानून से ऊपर नहीं हैं। भारत के बैंकों और शेयर बाजार में आम निवेशकों का पैसा लगा होता है। जो निम्न और मध्यम वर्ग के होते हैं। वही बार-बार लूटते हैं, यह स्थिति ठीक नहीं है। हर्षद मेहता से बड़ा घोटाला अनिल अंबानी और अन्य उद्योगपतियों द्वारा बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में किया जा रहा है। इस मामले में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट भी आई हैं, जो समय-समय पर दबा दी गई हैं। सरकारों की मिलीभगत होने से यह बड़े-बड़े मगरमच्छ खुले आम जनता को लूट रहे हैं। सरकार उनके लिए अलग से नियम कानून बनाकर बचाने एवं संरक्षित करने का प्रयास करती है। जैसा कि अनिल अंबानी के मामले में हुआ है। हजारों करोड रुपए का घोटाला रूपा-दफा करने के लिए पिछली तारीखों से नियम बदल दिए गए गड़बड़ी पर सेबी ने 50 करोड़ का जुर्माना कर मामले को रफा-दफा कर दिया। उसके बाद अनिल अंबानी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए नियम ही पिछली तारीखों से बदलवा दिए। अब उन्ही नियमों के तहत बचने का प्रयास कर रहे हैं। ईडी द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है। उसमें भ्रष्टाचार और घोटाले से जुड़े हुए सभी मामलों को उजागर करे। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो आम जनता का विश्वास उठते देर नहीं लगेगी। ÷नए भारत÷ की जो परिकल्पना और सपना दिखाया गया है। वह तभी सार्थक होगा। जब क्रोनी पूंजीवाद जो पिछले 11 वर्षों में भारत में बढ़ा है, उसे रोका जाए। पूंजीपति देश की आम जनता को गन्ने की तरह चूस रहें हैं। सरकारें उनकी रखवाली कर रही हैं। सरकार की प्राथमिकता में अब आम जनता नहीं है। जो नियम कानून उद्योगपति बनवाना चाहते हैं, वह सरकारें बनाने का काम कर रही हैं। जिसके कारण अब आम जनता के बीच इसका गुस्सा दिखने लगा है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहली बार एक ऐसे उद्योगपति पर कार्रवाई की है। जो सरकार के बहुत करीब है। जांच ओर कार्रवाई सही हुई,तभी लोगों का नियम और कानून पर विश्वास बढ़ेगा, अन्यथा भगवान ही मालिक है।

# सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी। ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- 'बोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं। असल में वे ही परमात्मा को मांगने में कुछ सफल हो पाते हैं, जो और कुछ नहीं मांगते। जिन्होंने कुछ और मांगा, वे परमात्मा को कैसे मांगेंगे। वह जबान फिर परमात्मा को मांगने के योग्य न रह गई। वह जबान अपवित्र हो गई। जिस जबान से बेटा मांगा, बेटी मांगी, धन मांगा, पद मांगा, प्रतिष्ठा मांगी-उसी जबान से परमात्मा को मांगोगे? इस जहर भरे पात्र में अमृत रखोगे? यह जबान जब तक मांगती है तब तक संसार है। जिस दिन यह जबान मांगती नहीं, उस दिन परमात्मा की यात्रा शुरू हुई। उस दिन बिन मांगे मिलता है। ऐसे तो मांगे-मांगे भी नहीं मिलता।

# मालेगांव विस्फोट एवं भगवा पर कलंक की साजिश

*"मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर,पुरोहित,मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय,अजय राहिरकर,सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई।"*



**29 सितंबर 2008** को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस ÷भगवा आतंकवाद÷ की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है।

अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी।

भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी। यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दापाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया।

मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी।

इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है-तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया?

हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं। 'भगवा आतंकवाद' एक गढ़ा गया मिथक था, जो ना केवल हिंदू समाज को कलंकित करता है, बल्कि भारत की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है। भगवा वस्त्र तो त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। उसे बम और खून से जोड़ना स्वयं भारतीयता के खिलाफ साजिश है।

इस फैसले ने जहां एक ओर निर्दोषों को न्याय दिया, वहीं दूसरी ओर यह देश के जनमानस को आत्ममंथन का अवसर भी देता है, क्या हम इतनी आसानी से किसी को भी आतंकवादी घोषित कर देंगे? क्या हम किसी राजनीतिक विचारधारा के विरोध के कारण पूरे धर्म को कटघरे में खड़ा कर देंगे? क्या धर्म का दुरुपयोग कर वोटबैंक की राजनीति करते रहेंगे? साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की प्रतिक्रिया-÷आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है÷ इस बयान में उनके दर्द एवं यथार्थ को समझने की आवश्यकता है। यह केवल एक साध्वी की व्यक्तिगत मुक्ति की खुशी नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की आवाज़ है जिनके लिए भगवा आस्था और अस्मिता का प्रतीक है।

वर्षों तक मीडिया ने इस मामले को सनसनीखेज बनाकर 'हिंदू आतंकवाद' को ग्लैमराइज किया। प्राइम टाइम पर भगवा को हिंसा से जोड़ना, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 'संदिग्ध आतंकी' की तरह चित्रित करना और बिना न्यायिक पुष्टि के चरित्रहनन करना, पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ था। वहीं, तथाकथित बुद्धिजीवियों एवं देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले में एकतरफा विचारधारा के चलते भगवा को 'खतरा' घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे लोगों से अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या आप सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे?

मालेगांव विस्फोट मामले में आया फैसला केवल न्यायिक विजय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह भारत की न्याय प्रणाली, समाज की सहिष्णुता और धर्म की शुद्धता का प्रमाण है। आज समय है, जब राष्ट्र को यह समझना चाहिए कि धर्म को आतंक से जोड़ना स्वयं एक मानसिक आतंक है। सत्य को स्वीकारने का साहस कीजिए, क्योंकि न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें निष्पक्षता, संवेदना और सत्य का साथ हो। यह मामला दर्शाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पस्त या पराजित नहीं। सत्यमेय जयते- यह सत्य की जीत है, सनातन की जीत है। भगवा वस्त्रों पर लगे झूठे दाग अब धुल चुके हैं, अब समय है संस्कृति के गौरव को फिर से स्थापित करने का।

# भारत को नहीं चाहिए अमेरिका से कोई समझौता करना

**भारतीय वस्तुओं** पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी अमेरिका ने भारत को दी । डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है, इस समझौते का उद्देश्य पाकिस्तान के तेल भंडार का विकास करना है।दरअसल अमेरिका चाहता है भरी संसद में माननीय प्रधान मंत्री का अपमान करना और अमेरिका के राष्ट्रपति के सुर में सुर मिलाना लेकिन उसे मालूम नहीं है कि भारत 140 करोड़ लोगों का एक लोकतान्त्रिक देश है बार बार भारतीय का अपमान करना सही नहीं है भारत ने स्व अटलजी के नेतृत्व में उसके लाख मना करने खुफ़िया सेटेलाइट लगाने के बाद भी भारतीय वैज्ञानिकों ने मई 1998 में परमाणु परीक्षण भी कर लिया अगर उस समय नहीं कर पाता तो बाद में होना बहुत मुश्किल है आप देख रहें हैं ईरान के परमाणु बम को बनाने को लेकर उसने उसके तीन परमाणु सयंत्र को नस्ट कर दिया भारत का उस समय सी टी वी टी समझौता का भारी दबाब था लेकिन उसके बाद अमेरिका के आर्थिक प्रतिबन्ध से भारतीय बाजार में रौनक थी और इसमें अमेरिका को काफी नुकसान हुआ लेकिन ऐ देशहित में लिया गया बिलकुल सही फैसला था अगर नहीं होता तो क़ोई भी बाहरी या परोसी दुश्मन देश लड़ाई के लिए मजबूर करता तो उसकी चाल उसी दिन समझ गया जब अमेरिका में रोजी रोटी कमाने वाले भारतीय प्रवासी को कार्गो प्लेन से हथकारी लगाकर गुरु के पवित्र स्थान अमृतसर में भेजा गया और फिर अमेरिका में भारतीय को नौकरी ना देने के लिए कंपनी को कहा टैलेंट है भारतीय में तभी टिके हैं जो बंकर ब्लस्टर बम की बात ईरान के परमाणु सयंत्र को नस्ट किया था वो भारतीय वैज्ञानि की दि गई टेक्नोलॉजी थी जिसे वहाँ टेक्नोलॉजी दूसरे देश को देने के बहाने कैद किया गया है भारत की एक अलग पहचान है जीएम फ़ूड और मांसाहारी दूध अपने पास रखो भारत एक कृषि प्रधान देश है अतः उनकी रोजी रोटी को लात नहीं मारना है भारत के लोग मेहनती और बहादुर हैं जो अंग्रेजी हुकूमत के दाँत खट्टे कर दिए और आजाद हुआ हमें नहीं करना क़ोई व्यापार भारत माँ भारती के स्वाभिमान के लिए सेना के पराक्रम के निचे हमेशा झुकेगा क्योंकि देश के प्रति बलिदान होते हैं लेकिन अन्य किसी देश की उसकी वीरता को मिट्टी में नहीं मिलने देगा अमेरिका उसी पराक्रम को मिट्टी में मिलाने की साजिश पाकिस्तान की दोस्ती के बहाने कर रहा है भारत एक परमाणु संपन्न देश है अतः भारत अपने किसी भी सीमा में आतंकवादी गतिविधियों को देश पर हमला मानेगा और कभी उसे बर्दास्त नहीं करेगा ऐ प्रधानमंत्री खुद खुले दिल से राष्ट के नाम संदेश में कहा है सीजफ़ायर के बीच में जम्मू काश्मीर का मुद्दा भी लाना बिल्कुल बेतुका बयान था अतः प्रधानमंत्री ने ऐ भी साफ संदेश दिया कि बात होगी तो सिर्फ पीओके पर, अब अमेरिका क्या कर सकता है पाकिस्तान के जिस आतंकवादी संघठन को एफटीए के लिस्ट में शामिल किया है उसे झूठमुठ बहाना बनाकर उसे भारत के खिलाफ लड़ने के लिए फाइटर जेट देगा और दुनिया को ऐ कहेगा कि हमने पाकिस्तान को उसके आतंकवादी को मारने के लिए दिया है देखिए इसमें क़ोई ना क़ोई भारत का भेद अमेरिका को दे रहा है ताकि भारत को कमजोर करने दें और नेताओं को घबराहट में ट्रम्प से झुकने के लिए प्रेरित करें अगर ऐसा नहीं था तो विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने ऑपरेशन सिंदूर और टैरिफ पर मजा लिया और जब मालेगॉव बम ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा और अन्य निर्दोष नागरि को हिन्दू आतंकी बताया था उस पर मौन रहें जबकी किसी नारी का इतने दिनों तक शोषण होता रहा और सेना के अधिकारी को भी इसमें शामिल किया गया जो एक साजिश थी क्योंकि वो उस संघठन से जुड़े थे जिसकी स्थापना वीर सावरकर ने की थी और कांग्रेस का हमेशा से देशभक्त वीर सावरकर के प्रति गलत मानसिकता रही है अभिनव भारत सोसाइटी। अभिनव भारत सोसाइटी (यंग इंडिया सोसाइटी) एक भारतीय स्वतंत्रता गुप्त संस्था थी जिसकी स्थापना विनायक दामोदर सावरकर और उनके भाई गणेश दामोदर सावरकर ने 1904 में की थी।महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में हृद्ध स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा- हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दबाव बनाने की रणनीति के तहत पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है, साथ ही भारतीय वस्तुओं पर 25त्न टैरिफ लगाने की धमकी देते हुए कहा है कि वाशिंगटन, इस्लामाबाद को उसके विशाल तेल भंडार विकसित करने में मदद करेगा।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवा दिया लेकिन खुद को मुस्लिम देश बताने वाला पाकिस्तान अब ईरान को क्या जबाब देगा जिसने ईरान के तीनों परमाणु सयंत्र को नस्ट कर दिया । एक सोशल मीडिया पोस्ट में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने आश्चर्य जताया कि क्या पाकिस्तान किसी दिन भारत को तेल बेच सकता है।डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडारों के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवा दिया और उम्मीद जताई कि इससे दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा।भारत कौन सा देश है मालूम नहीं है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलजी की कविता सुन लें एक नहीं दो नहीं करो बीसों समझौते,पर स्वतन्त्र भारत का मस्तक नहीं झुकेगा,तुम्हे मुफ़्त में मिली न कीमत गयी चुकाई,अंग्रेजों के बल पर दो टुकड़े पाये हैं,माँ को खंडित करते तुमको लाज ना आई?अमरीकी शस्त्रों से अपनी आजादी को,दुनिया में कायम रख लोगे, यह मत समझो,दस बीस अरब डालर लेकर आने वाली बरबादी से बच लोगे ऐ मत समझो, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा, यह ऐतिहासिक समझौता हमारे बढ़ते सहयोग को बढ़ाएगा ताकि आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार हो सके।। ट्रम्प ने भारत को मज़ाक उड़ाते हुए कहा कौन जाने, हो सकता है कि वे किसी दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचें! ट्रंप ने कहा।इसके साफ मायने हैं मैने कहा सीजफाएर हमने कराया वो संसद में कहें ताकि शांति का नोबेल पुरस्कार मिल सके और इधर अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एक समझौता भी किया जिसे इतिहासिक कदम बताया जा रहा है ट्रम्प ने कहा लंबे समय से अपने तट पर बड़े तेल भंडार होने का दावा करता रहा है, लेकिन इन भंडारों का दोहन करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। वह इन भंडारों का दोहन करने के लिए निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है।वहाँ जमीन के अंदर से तेल नहीं आतंकवादी के क़ब्र मिलेंगे।

**न्यूज ब्रीफ**

### कवि सम्मेलन आयोजित किया

**इन्दौर।** तुलसी जयंती के अवसर पर श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा समिति सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि व समिति के सभापति सत्यनारायण सत्तन की। सम्मेलन मे धमचक मुल्थानी, देवकृष्ण व्यास, अर्चना अंजुम, रामचन्द्र अवस्थी, प्रदीप नवीन, सुरेखा भारती और वाणी जोशी ने कविता पाठ किया। संचालन कवि गिरेन्द्रसिंह भदौरिया किया। कवि सम्मेलन में मौजूद काव्य प्रेमियों ने विभिन्न विषयों पर कविताओं का आनंद लेते कवियों की भरपूर सराहना की।

### आज रवाना होगा 121 पदयात्रियों का जत्था

**इन्दौर।** बाल ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज, रामगोपालदास महाराज के सान्निध्य में बड़ा गणपति मंदिर से 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन पदयात्रा की शुरुआत आज सुबह 8 बजे होंगी। इसके पहले शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री सांवरिया मित्र मंडल पदयात्री संघ एवं श्री गोपाल सांवरिया गोसेवा समिति की मेजबानी में आयोजित इस 11 दिवसीय पदयात्रा के बारे में आयोजक धनराज कुमावत एवं पं. कमलेश शर्मा ने बताया कि यात्रा शुभारंभ के पूर्व बड़ा गणपति मंदिर पर महाआरती कर शोभायात्रा की शुरुआत होगी। शोभायात्रा बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ होकर जिंसी, इमली बाजार, सदर बाजार होते हुए मरीमाता मंदिर पहुंचेगी, जहां इस शोभायात्रा का समापन होगा। इसके बाद 121 भक्त सांवरियाजी की पद यात्रा हेतु रवाना होंगे।

### आजादी महोत्सव हेतु बैठक आयोजित, बनाई रूपरेखा



**इन्दौर।** स्थानीय कुशवाह नगर में संस्था श्री सर्व सेवा द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय पर्व उल्लास के साथ मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, अशोक चौहान, सचिन बघेल और अजय कुशवाह ने उपस्थित सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंप इस तीन दिवसीय आजादी महोत्सव मनाने की रूपरेखा बताई जिसके तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को एक ही समय पर 151 स्थानों पर एक साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पहले 10 अगस्त को तिरंगा वाहन यात्रा निकाली जाएगी व 14 अगस्त को भारत माता का पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय होंगे। आयोजन की तैयारियां हेतु क्षेत्र के वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन लिया जाएगा।

### 10 छात्राओं की आईटीआई फीस भरेगी कंपनी

**इंदौर।** इंदौर संभाग में संचालित शासकीय आईटीआई संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त-2025 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में, आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। मेसर्स सनातन बॉडी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर के निदेशक शिवनारायण शर्मा ने 10 छात्राओं का प्रवेश शुल्क स्वयं वहन करने की घोषणा की है। यह राशि सीधे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, इंदौर के सीएसआर (CSR) फंड में जमा कर दी गई है। यह योगदान छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। कौशल विकास विभाग, इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक सतीश मोरे ने इस पहल के लिए शर्मा को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि यह सहयोग न केवल आर्थिक सहारा बनेगा, बल्कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करेगा। जो भी छात्राएं प्रवेश शुल्क सहायता की पात्र हैं, वे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, इंदौर की झोनल प्लेसमेंट ऑफिसर मीना लोहिया से संपर्क कर सकती हैं। पात्रता के आधार पर उन्हें यह सहायता प्रदान की जाएगी।




## विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि...

# निवेशकों के लिए मप्र में अनुकूल माहौल

**भोपाल**

विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि विकास को लेकर मध्य प्रदेश से नहीं बल्कि देश को देखकर बात करनी होगी। उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि पूरा देश लाभान्वित होना चाहिए। बिजली, सड़क आखिरी महत्व तक का और प्रवासियों की मानसिकता उनके काम करने का तरीका मध्य प्रदेश अनुकूल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार में कारखाने में हड़ताल नहीं हुई। मध्य प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की। परमात्मा की कृपा से इंदौर की गति जेट विमान की तरह चल रही है।

मुख्मंत्री ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर चारों टाउन बड़ी-



बड़ी स्थिति में बड़ी-बड़ी संभावनाएं रखते हैं। हमने मेट्रोपॉलिटन इलाका पांच पांच शहरों को मिलाकर बनाया है। मास्टर प्लान को लेकर झगड़ा लैंड यूज का होता है। हम क्षेत्र आधार विकास को लेकर योजना पर काम कर रहे हैं। यह आगामी समय में 10-12 जिलों का नया मॉडल बनेगा। हम फालतू के कानून खत्म करते हुए नई विचारधारा नए कानून की ओर बढ़ रहे हैं। हम योजनाओं का सरलीकरण कर रहे हैं।

धार में भूमिपूजन करेंगे पीएम मोदी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि जीआईएस के लिए भोपाल का चयन किया है। जीआईएस के लिए पीएम मोदी रात रुके। कोयंबटूर में वहां के नेता प्रतिपक्ष ने उद्योग को लेकर आंदोलन कर दिया था। मैंने कहाज्कंपनियां वहां भी करें, और एमपी में भी काम करें। स्विट्जरलैंड के व्यापारी मोटा अनाज कोदू कुटकी खरीदने को तैयार है।

### सदन में 3 विधेयक पास, मेट्रोपॉलिटन विधेयक पेश

विधानसभा में 3 विधेयक पास हुए। मंत्री चेतन कुमार कश्यप ने मध्य प्रदेश जन विश्वास संशोधन विधेयक पेश किया। मंत्री गौतम टेटवाल ने मध्य प्रदेश माध्यस्थम संशोधन विधेयक और कमजोर वर्गों के लिए विधिक सहायता एवं विधिक सलाह विधेयक पेश किया। तीनों विधेयक सर्वसम्मति से पास हुए। इसके बाद सदन में मेट्रोपॉलिटन विधेयक पेश किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक का प्रस्ताव रखा। इसके बाद कारखाना संशोधन विधेयक, मध्य प्रदेश दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक, भारतीय स्टांप संशोधन विधेयक पर होगी आधे, आधे घंटे की चर्चा हुई।

### करोड़ों का निवेश कैसे आया समझ नहीं आया

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के वक्तव्य पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पूछा, मध्य प्रदेश मेकिंग मध्य प्रदेश कब बनेगा? मुख्यमंत्री का आभार आपने आंकड़े गिनाए। करोड़ों का निवेश आया। लेकिन कैसे आया यह समझ ही नहीं आया। किसानों की जमीनों को लेकर मुआवजा दे नहीं पा रहे। 120 इंडस्ट्रियल पार्क बना रहे हैं। उद्योगपति को क्यों नहीं बोलते कि वह डेवलपमेंट करें। सरकार जनता के पैसे से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कर रही है। सरकार को विचार करना चाहिए। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि बेरोजगारों को आप आकाशी रोजगार कह रहे हो। मध्य प्रदेश के सालों से बेरोजगार पड़े युवाओं की रोजगार नहीं दे पा रहे हैं।हम सफेद प्याज की खेती को बढ़ावा नहीं दे पा रहे। चावल को लेकर मध्यप्रदेश कहा हैं? सोयाबीन के प्लांट बंद पड़े हैं। देश का सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादक राज्य की आज हालत खराब है। इस पर सरकार ने कुछ नहीं किया। आईटी सेक्टर की बात करते हैं..लेकिन आईटी मध्यप्रदेश नहीं आता। बड़ी कंपनियां बंद हो रही हैं, सिर्फ 11 बची है। नाम कहें तो गिना सकता हूं। पॉलिसी में खराबी है न। मांडू के पर्यटन की बात करते हैं। तालाब सूखे पड़े हैं..पर्यटन नहीं आता। पर्यावरण में घोटाला हो रहा है। मुख्यमंत्री के पास रिपोर्ट पेंडिंग पड़ी है। मेडिकल टूरिज्म की बात करते हैं आप। लेकिन लोग प्रदेश से बाहर जाते हैं..ये क्या है मेडिकल टूरिज्म? भावनाएं अच्छी है आपकी लेकिन आपकी भावनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पाती। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आपने समूह की बात की लेकिन यहां भ्रष्टाचार हो रहा है।

### विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि...

निवेशकों के लिए मप्र में अनुकूल माहौल

भोपाल। विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि विकास को लेकर मध्य प्रदेश से नहीं बल्कि देश को देखकर बात करनी होगी। उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि पूरा देश लाभान्वित होना चाहिए। बिजली, सडक़ आखिरी महत्व तक का और प्रवासियों की मानसिकता उनके काम करने का तरीका मध्य प्रदेश अनुकूल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार में कारखाने में हड़ताल नहीं हुई। मध्य प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की। परमात्मा की कृपा से इंदौर की गति जेट विमान की तरह चल रही है। मुख्मंत्री ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर चारों टाउन बड़ी–बड़ी स्थिति में बड़ी–बड़ी संभावनाएं रखते हैं। हमने मेट्रोपॉलिटन इलाका पांच पांच शहरों को मिलाकर बनाया है। मास्टर प्लान को लेकर झगड़ा लैंड यूज का होता है। हम क्षेत्र आधार विकास को लेकर योजना पर काम कर रहे हैं। यह आगामी समय में 10–12 जिलों का नया मॉडल बनेगा।

### गैस सुरक्षा पर सख्ती : रिहायशी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग, 14 सिलेंडर सहित मोटर जब्त



**इंदौर**

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग, भंडारण और रिफिलिंग के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज एक बड़ी कार्रवाई की गई है। शहर के द्रविड़ नगर स्थित एक रिहायशी मकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का धंधा पकड़ा गया है। खाद्य विभाग के दल ने जांच के दौरान घर के भीतर से 14 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं, जिनमें 7 घरेलू और 7 व्यावसायिक सिलेंडर शामिल हैं। मौके पर घरेलू सिलेंडरों से व्यावसायिक सिलेंडरों में गैस भरने का अवैध कार्य चल रहा था। टीम ने गैस सिलेंडरों के साथ एक इलेक्ट्रिक मोटर, एक तौल कांटा और एक गैस रिफिलिंग पाइप भी जब्त किया है।

## महापौर बोले-अनवर कादरी का पार्षद बने रहना शहरहित में नहीं, एमआईसी की बैठक में निर्णय, पद से हटाने का प्रस्ताव पारित कर परिषद में रखेंगे



**इंदौर**

लव जिहाद के लिए फंडिंग के आरोपी इंदौर के कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को हटाने का प्रस्ताव लाने का फैसला लिया गया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कादरी को हटाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित करेंगे और अगली परिषद में रखेंगे। जल्द अगली परिषद में हम दो-तिहाई बहुमत और जिन मुद्दों पर उन्हें हटाना जरूरी है, उन पर चर्चा करेंगे। पार्षद अनवर कादरी को भी सुनवाई का मौका देंगे। पार्षदी खत्म करने का प्रस्ताव अगली परिषद में लेकर आने का भी एमआईसी में शिकायत के आधार पर फैसला लिया गया है।

### डिविजनल कमिश्नर को भी लिखा लेटर

महापौर ने बताया कि कादरी लव जिहाद की फंडिंग के आरोपों के कारण फरार चल रहा है। इसका पार्षद बने रहना न तो शहर हित में है, न ही निगम हित में। हमने एक लेटर डिविजनल कमिश्नर को लिखा था कि वह धारा-19 के प्रावधान के तहत तत्काल कार्रवाई करें। वो अपनी कार्रवाई कर रहे होंगे।

2011 में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी, उसके भाई और एक अन्य आरोपी को जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने एक-एक साल के कारावास की सजा सुनाई थी। यह हमला 6 मई 2009 को इंदौर के आजादनगर चौराहे के पास अनवर हुसैन पर किया गया था। अनवर हुसैन आरोपियों पर चल रहे एक अन्य मामले में गवाह था। पुलिस ने कादरी समेत कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से पिस्तौल, कट्टा, तलवार और चाकू बरामद किए गए थे।

### उज्जैन में डकैती का केस, इसी से मिला डकैत नाम

अनवर कादरी पर 1996 में उज्जैन के महाकाल थाने में डकैती का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद उसे अनवर डकैत के नाम से पहचाना जाने लगा। अनवर ने इंदौर में भी मारपीट, घर में घुसकर धमकाने जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया। अनवर कांग्रेस से तीन बार पार्षद रह चुका है। उसकी पत्नी दो बार पार्षद रही है। प्रमोद टंडन के शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए अनवर को शहर कांग्रेस का महामंत्री भी नियुक्त किया गया था। उसने एक बार निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था। 28 अप्रैल 2025 को अनवर ने इंदौर के वार्ड 58 स्थित बड़वाली चौकी पर पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया था। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही कादरी ने पाकिस्तान शब्द बोला, वहां मौजूद उसके कुछ समर्थकों ने जिंदाबाद के नारे लगा दिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे।

## रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग का एक्शन, 3.13 लाख की मिलावटी मिठाई-मावा जब्त, अलग-अलग ठिकानों पर छापे

**इंदौर**

रक्षाबंधन के त्यौहार से पहले इंदौर के खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मिलावटखोरों पर नकेल कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, विभाग की टीम ने लगभग 3 लाख 13 हजार रुपये मूल्य का 895 किलोग्राम मावा और मिठाई जब्त की।

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने अलग-अलग जगहों पर यह कार्रवाई की। भंडारी ब्रिज के पास एक ऑटो-रिक्शा से 13 पोटलियों में रखा लगभग 325 किलोग्राम मावा



संदिग्ध हालत में मिला। ऑटो चालक इसके स्रोत की कोई जानकारी नहीं दे पाया, जिसके बाद मावे को जब्त कर लिया गया। इसी तरह, सरवटे बस स्टैंड पर एक अन्य टीम ने 350 किलोग्राम संदिग्ध मावा जब्त किया। इसके अलावा, पालदा चौराहा स्थित श्री गणेश डेरी एवं नमकीन से 120 किलोग्राम मिठाई और 100 किलोग्राम मावा जब्त करते हुए नमूने लिए गए।

जब्त किए गए सभी मावा और मिठाई के नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को मिलावट मुक्त और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान रक्षाबंधन पर्व तक लगातार जारी रहेगा।

### किसानों के लिए फसल बीमा कराने की आखिरी तारीख बढ़ी

**इंदौर।** प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वरदान माना जाता है। इसी क्रम में, शासन ने फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। उप संचालक कृषि सी.एल. केवड़ा ने बताया कि अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि अब 14 अगस्त 2025 है। वहीं, ऋणी किसानों के लिए यह तारीख 31 अगस्त 2025 कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को फसल बीमा करवाने के लिए बैंक पासबुक, फसल बोवनी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खसरा-खतौनी या बही, और बटाईदार किसान या किराए पर ली गई ।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, आंखों की समस्या से था परेशान

**इन्दौर**

बचपन में कांच की गोटी लगने से एक आंख में आई समस्या के बाद दूसरी आंख में भी परेशानी आने के चलते एक युवक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। मृतक युवक का नाम मनोज पिता महेश निवासी लोधीपुरा है। मामले में बताया जा रहा है कि मनोज जब 15 साल का था तब उसकी एक आंख में कांच की गोटी लग गई थी, जिससे उसकी एक आंख खराब हो गई थी। अभी कुछ दिनों पहले उसकी दूसरी आंख में भी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उसे कम दिखाई देने लगा और वह घर पर ही रहता था। संभवतः इसी के चलते उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते शव का पोस्टमार्टम करा कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश के खिलाफ पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, ऐच्छिक करने की मांग की

**इन्दौर**

नो हेलमेट नो पेट्रोल आदेश के बाद इंदौर के जनप्रतिनिधि के साथ ही आम जनता में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है हेलमेट समस्याओं को लेकर इंदौर भाजपा के पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने मुख्यमंत्री से विधानसभा परिसर में मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि इंदौर में हेलमेट को ऐच्छिक किया जाए जिसे लगाना हो लगाएं जिसे ना लगाना वह ना लगाए क्योंकि इंदौर का ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव होने के कारण हर एक किलोमीटर पर ग्रीन रेड सिग्नल है जहां पर रुकना पड़ता है कई लोगों को गले की समस्या सर की समस्या तमाम समस्या लेकर लोग हमारे पास शिकायत करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जनता के जनप्रतिनिधि हैं इसलिए उनकी समस्याओं को समझना और समझ कर उसको हल करवाना यह हमारी जिम्मेदारी बनती है इसलिए मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि जिला प्रशासन के निर्णय पर तत्काल रोक लगाई जाए और जब तक इंदौर शहर में अवेयरनेस ना हो जागरूकता हेलमेट को लेकर ना बढ़ाई जाए तब तक इसे स्थगित रखा जाए साथ ही यह भी आदेश दिया जाए कि जिसे लगाना हो लगाए जिसे ना लगाना हो ना लगाए क्योंकि इंदौर का ट्रैफिक तेज गति से नहीं चलता 30 से 40 की स्पीड में चलता है जिसमें एक्सीडेंट के खतरे कम होते हैं हेलमेट को यदि लागू करना है तो बाईपास पर लागू किया जाए एबी रोड पर लागू किया जाए बाहरी क्षेत्र में लागू किया जाए ।

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम : कार्यस्थलों पर अब आंतरिक समिति बनाना अनिवार्य

**इंदौर।**

महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए अब सभी सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिन कार्यालयों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हें महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम, 2013 के तहत यह समिति बनाना आवश्यक है। ऐसा न करने पर 50,000 रू. तक के जुर्माने का प्रावधान है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने समिति की संरचना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समिति में एक वरिष्ठ महिला अधिकारी को पीठासीन अधिकारी बनाया जाएगा। इसके अलावा, कम से कम दो सदस्य ऐसे होंगे जिन्हें महिलाओं की समस्याओं का अनुभव हो या कानूनी जानकारी हो। इसमें एक सदस्य गैर-सरकारी संगठन से भी होगा। समिति में कम से कम आधे सदस्य महिलाएं होनी चाहिए। सिन्हा ने बताया कि यदि किसी महिला को कार्यालय में यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, तो वह गठित समिति में शिकायत दर्ज करा सकती है। साथ ही, इसके लिए She Bo& नामक एक पोर्टल भी शुरू किया गया है।

### अन्नपूर्णा आश्रम से निकली काशी विश्वनाथ की शाही सवारी

**इंदौर।** श्रावण मास के उपलक्ष्य में शहर के पश्चिमी क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा आश्रम से मंगलवार को भगवान काशी विश्वनाथ की भव्य शाही सवारी निकाली गई। यात्रा का पूरे क्षेत्र में जबरदस्त स्वागत हुआ, जहां भक्तों ने सैकड़ों मंच लगाकर पुष्प वर्षा की और फलाहार तथा शीतलपेय का वितरण किया। यह यात्रा आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में निकली। यह अन्नपूर्णा मंदिर से शुरू होकर गंगेश्वर धाम, बैंक कॉलोनी, रणजीत हनुमान मंदिर के सामने से होते हुए रेवेन्यू कॉलोनी चौराहा पहुंची और अंत में वापस अन्नपूर्णा मंदिर आकर संपन्न हुई। सैकड़ों भक्तों ने मंदिर में भगवान काशी विश्वनाथ की पूजा-अर्चना और आरती की। यात्रा के संचालन में भक्त मंडल की ओर से मंदिर के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान समाजसेवी विष्णु बिंदल, भूपेश गुप्ता और पार्षद बबलू शर्मा सहित सैकड़ों भक्त शामिल थे। मंदिर पर श्रावण मास के दौरान आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में 11 विद्वान पंडितों द्वारा लघु रुद्र और सहस्त्रार्चन जैसे विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

## खजराना में गूंजे 1008 मंत्र : पहली बार हुई मां लक्ष्मी-अन्नपूर्णा की कुमकुमार्चन आराधना

**सीकेपी महिला मंडल ने की सुख-शांति की कामना**

**इंदौर**

चांद्रसेनीय कायस्थ प्रभु (सीकेपी) महिला मंडल की ओर से श्रावण मास के उपलक्ष्य में एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। खजराना स्थित गणेश मंदिर परिसर के अन्न क्षेत्र में सैकड़ों महिलाओं ने मां लक्ष्मी और मां अन्नपूर्णा की कुमकुमार्चन विधि से 1008 मंत्रों के साथ आराधना की।

मंडल की अध्यक्ष छाया दिघे ने बताया कि पहली बार आयोजित इस अनुष्ठान में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और



परिवार, समाज तथा राष्ट्र में सुख, शांति एवं सौभाग्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि अभिषेक किया हुआ कुमकुम महिलाएं अपने मस्तक पर लगाती हैं तो मातारानी से शक्ति तत्व की प्राप्ति होती है।

करीब डेढ़ घंटे तक चली इस पूजा विधि में 70 से अधिक सजी-धजी महिलाओं ने भाग लिया। इस आयोजन में सचिव दीप्ति प्रधान, ज्योति खोपकर, सुचिता फड़नीस सहित पूरी महिला कार्यकारिणी का सहयोग रहा। पूजा के बाद महिलाओं ने मंदिर में उपस्थित भक्तों के लिए सेवा कार्य में भी हाथ बंटाया।

## पहले हम संविधान को मजबूत करने की लड़ाई लड़ रहे थे, अब इसे बचाना होगा: सुभाषिनी अली

**इंदौर**

कामरेड शैलेंद्र शैली व्याख्यानमाला के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में कानपुर की पूर्व सांसद व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली सहगल ने कहा कि एक समय था जब हम संविधान को मजबूत करने की लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन अब हमें इसे बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार संविधान को कमजोर करने में लगी है, जिससे आम जनता के संवैधानिक अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

यह कार्यक्रम मंगलवार को अभिनव कला समाज गांधी हाल, इंदौर में आयोजित किया



गया था, जिसमें मजदूर, किसान और कर्मचारी संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सुभाषिनी अली ने कहा कि मजदूरों, किसानों और कर्मचारियों को मिले अधिकारों में लगातार कटौती हो रही है, जिससे उन्हें धीरे-धीरे गुलामी की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने रूढ़िवादी और पाखंडपूर्ण परंपराओं के नाम पर समाज को मनुवादी विचारों की ओर ले जाने की कोशिशों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने याद दिलाया कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की प्रतियों को हिंदूवादी संगठनों ने जलाया था और आज वही लोग सत्ता में हैं। उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से मानवता का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ एक मजबूत संघर्ष की तैयारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कैलाश लिंबोदिया ने विषय पर अपनी बात रखी।

### अन्य वक्ताओं ने भी रखे विचार

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और अर्थशास्त्री जय मेहता ने कहा कि वर्तमान सरकार सामाजिक कार्यकर्ताओं से डरती है, इसीलिए उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि कट्टरवादी और नफरत फैलाने वाले लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने भी एक मजबूत संघर्ष खड़ा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ गांधीवादी और मजदूर नेता श्याम सुंदर यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार मजदूरों और किसानों के संघर्ष से प्राप्त अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है। उन्होंने साझा संघर्ष को मजबूत करने की जरूरत बताई।

# अवैध शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**मैहर**

आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आब. अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन एवं 70लीटर हाथ भट्ठी से बनी शराब कीमती 14000 रु जप्त श्रीमान पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एवं थाना प्रभारी मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में हमराही स्टाफ के साथ की गयी बड़ी कार्यवाही- मैहर/ मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब अत्यधिक मात्रा में लेकर नकतरा तरफ से देवी जी की ओर आ रहा मैहर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से एक जरीकेन में 20 लीटर एवं एक जरीकेन में 50 लीटर टोटल 70 लीटर हाथ भट्ठी बनी महुआ शराब पाई गई एवं दोनों से नाम पता पूछे गए उन्होंने क्रमशः अपना नाम विक्रम भैया चौधरी एवं शिवाकांत चौधरी निवासी उदयपुर का बताया पुलिस द्वारा शराब के संबंध में कागजात मांगे गए जो कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए उक्त दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी- 1- विक्रम भैया रवि पिता कमलेश कुमार चौधरी उम्र 19 वर्ष 2- शशिकांत पिता छोटेलाल चौधरी उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नंबर 2 उदयपुर मैहर जप्ती- 70 लीटर हाथ भट्ठी से बनी देशी शराब कीमती 14000 रुपए तस्करी में प्रयुक्त दो पहिया वाहन कीमती 70000 रुपए सराहनीय भूमिका - थाना प्रभारी कोतवाली मैहर श्री अनिमेष द्विवेदी, इुह्यद्ध अरविन्द द्विवेदी इुह्यद्ध पुष्पेंद्र सिंह आर सोमेश सिंह दीपक मिश्रा सैनिक अरविंद सिं

# हरित मध्यप्रदेश अभियान के तहत वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थलो का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**सिंगरौली**

राज्य शासन के मंशानुसार हरित मध्यप्रदेश अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र मे वृहद स्तर पर वृक्षा रोपण कराया जाना है। इस हेतु आज नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त श्री डी.के शर्मा के द्वारा वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थलो का निरीक्षण कर वृक्षारोपण के लिए की जा रही तैयारियो का अवलोकन किया गया। निगमायुक्त के द्वारा चयनित स्थल आईटीआई कालेज परिसर पचौर का निरीक्षण कर तैयारियो का जायजा लिया गया। तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा मे पहुच तैयारियो का जायजा लेने के साथ संबंधित अधिकारियो को वृक्षारोपण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान



कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार,उपयंत्री जीतेन्द्र एवं विष्णुपाल सिंह उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु जारी राशि का गलत उपयोग करने वाले हितग्राहियो की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर करे राशि वसूली की कार्यवाहीः- नगर निगम आयुक्त

## हरित मध्यप्रदेश अभियान के तहत आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण के तैयारियो की आयुक्त ने की समीक्षा

सिंगरौली 4 अगस्त 2025/ प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु जारी की गई राशि का गलत उपयोग करने वाले हितग्राहियो की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर राशि वशूली की कार्यवाही करे। साथ ही हरित मध्यप्रदेश अभियान के तहत आयोजित होने वाले वृहद वृक्षा रोपण की तैयारिया समय पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित के उक्त आशय के निर्देश नगर निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री डी.के शर्मा के द्वारा संबंधित क्षेत्र के सहायक एवं उपयंत्रियो को दिया गया। नगर निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुयें संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियो को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जो बार बार समझाईश देने के बावजूद में अपने आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण नही कर रहे है आवास निर्माण हेतु जारी राशि का गलत उपयोग करे रहे ऐसे हितग्राहियो की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर उनसे राशि वशूली की कार्यवाही करे। निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा यह राशि आवास निर्माण के लिए भेजी गई। इस राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना है किंतु हितग्राहियो द्वारा शासन से अनुदान राशि प्राप्त करने के पश्चात भी भवन का निर्माण नही किया जा रहा है इसे किसी प्रकार से उचित नही ठहराया जा सकता है।

निगमायुक्त ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में कराये जाने वाले वृहद वृक्षा रोपण के तैयारियो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री तथा उपयंत्री स्थल चयन कर अवगत कराये ताकि शासन के मंशानुसार अभियान के तहत वृक्षारोपण कराया जा सके। उन्होने शहर के नाले नालियो की साफ सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि वर्षात के दौरान कही जल भराव कि स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी उपयंत्री अपने निगरानी में नाले नालियो की साफई कराये अगर कही से भी जल भराव या नाली जाम होने की शिकायत मिलती है तो तत्काल शिकायत का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने सिवर लाईन निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को सहित वार्डो मोहल्लो की क्षतिग्रस्त सड़क के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़को के सुधार हेतु स्टीमेंट तैयार प्रस्तुत करे ताकि सड़को का सुधार कार्य कराया जा सके।

निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के शासन द्वारा जारी इन्ट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम आईएसएस के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी,एमआईजी वर्ग के पात्र हितग्राहियो को लाभा प्रदान कराने हेतु बैंको से समन्वय बनाकर शिविर आयोजित करे ताकि हितग्राही इस स्कीम का लाभ उठा सके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि शिविर स्थल सहित जिन तिथियो मे शिविर आयोजित किया जाना उसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि पात्र हितग्राही शिविर में शामिल होकर स्कीम का अधिक से अधिक लाभ उठा सके।बैठक के दौरान सहायक आयुक्त एच.एम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, प्रवीण गोस्वामी, आलोक टीरू, दिनेश तिवारी, सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय, उपयंत्री अनुज सिंह, इन्द्रवेश यादव, विशाल खत्री, चन्द्रमणि द्विवेदी, विष्णुपाल सिंह, जीतेन्द्र , शिवानी गर्ग, हेनरी ठाकुर, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों का फूटा गुस्सा दर्जनों महिला पुरुष पहुंचे कलेक्ट्रेड

## ग्राम जमुनिया में ट्रांसफॉर्मर खराब होने से बिजली आपूर्ति 15 दिनों से बंद




**रिपोर्टःदुर्गेश बर्मन**

डिंडौरी जिले में भी बिजली की आंख मिचौली से लोगों में विद्युत विभाग पर नाराजगी का दौर समय समय पर बना रहता है।क्योंकि बिना सूचना ही मनमाने तरीके से बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है।जिससे शहरी क्षेत्र में काम ठप्प हो जाता है और व्यवसायिक कार्य पर बाधा उत्पन्न होने से लोगों में विद्युत विभाग को लेकर कुछ अच्छी मानसिकता नजर नहीं आती है चुकी अधिकत्तर व्यवसाय बिजली से ही संचालित है जैसे आज के दौर पर सभी शासकीय या अर्धशसकीय कार्य ऑन लाइन ही किए जा रहे है। ओर दूर दराज से आए ग्रामीणों को काफी मशक्कत कर मुख्यालय तक पहुंचना होता है और बरसात का मौसम जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी बिजली की समस्या को लेकर जनपद डिंडौरी के ग्राम पंचायत खिरसारी के ग्राम जमुनिया का मामला सामने आया है जहां 15 दिनों से बिजली गुल है।ओर जिसकी शिकायत सरपंच सहित ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया गया था ओर विभाग द्वारा तत्काल विद्युत लाइन सुधार करने की बात कही गई थी लेकिन आज दिनांक तक आजाद देश के आजाद नागरिक अंधेरे में रहने को मजबूर जबकि ग्राम जमुनिया जिला मुख्यालय से महज 4 कि मी की दूरी पर है फिर भी ग्रामीणों की समस्या को अनदेखा करते हुए विद्युत विभाग के कर्मचारी जबकि लिखित शिकायत स्पष्ट दर्शाया गया है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ट्रांसफॉर्मर खराब होने से पूरा जमुनिया अंधेरे में रहने को मजबूर है जबकि बरसात का मौसम जिसमें कीड़े मकोड़े जीव जंतु सभी का भय बना रहता है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है इन्हीं सब समस्याओं से कलेक्टर को रूबरू कराने दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेड ओर कलेक्टर से मिलने की जिद पर रहे अड़ीक की कलेक्टर मेडम को हम समस्त ग्रामीण स्वयं ही अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे चुकी 15 दिनों से बिजली बंद होने से बिजली के साथ साथ पानी की समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है लेकिन ग्राम वासियों की मुलाकात कलेक्टर मेडम से न होने पर मजबूरन अपना आवेदन आवक जाबक शाखा में देना पड़ा हालांकि तहसीलदार द्वारा तत्कालीन समस्या के निराकरण के लिए विद्युत विभाग को आदेशित किया गया है और एम पी ई बी जे ई मेडम द्वारा ग्राम में बिजली बिल भुगतान न होने की बात कही गई जिससे सभी को अंधेरे में रहना पड़ा हालांकि सरपंच पुन्नू द्वारा बताया गया है कि आधा गांव बिजली का बिल हर माह भुगतान कर रहे है पर कुछ लोग जो कि पलायन कर चुके है उन्हीं के बिजली भुगतान नहीं हुए है ।जिनके चलते जो बिजली बिल भुगतान कर रहे है उन्हें भी अंधेरे में रखना उचित नहीं है जिनका भुगतान नहीं हुआ है उनकी लाइन काट कर जिनका भुगतान हो गया है उन्हें बिजली देने की बात कही अब देखना यह।है कि ट्रांसफॉर्मर बदला जाता है और ग्रामीण को बिजली कब मिलती है मेडम जे ई द्वारालाइन चालू करने की बात कही गई जिसके पश्चात ग्रामीणों ने घर वापसी को हुए तैयार।

### इनका कहना

जिनका भी बिजली बिल का भुगतान नहीं हुआ है उनको छोड़कर जिनका भुगतान हो गया है उनके अंधेरे में रखना उचित नहीं है उनकी लाइन चालू कर जिनका भुगतान नहीं हुआ है उन पर आप कार्यवाही करे ना कि सभी ग्रामीणों को

**सरपंच**
**पुन्नू सिंह जमुनिया**

ट्रांसफॉर्मर खराब होने की शिकायत मिली थी लेकिन बिजली बिल भुगतान न होने के कारण टांसफार्मर नहीं बदला गया है आधा गांव भुगतान कर दिया है लेकिन अभी भी आधे बचे है बचे हुए पर लाइन काटने की कार्यवाही की जाएगी और ट्रांसफॉर्मर बदल कर लाइन चालू कर दी जायेगी

**जे ई**
**सुष्मिता**

# लंबित प्रकरणों की समय सीमा में पूरी करने के निर्देश





**मैहर**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम मैहर श्री विकास सिंह, रामनगर डॉ आरती सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प सागर गुप्ता

**सतना।**

कोटर क्षेत्र ग्राम पंचायत अबेर निवासी सागर गुप्ता ने गुरुवार को अपने जन्मदिन पर मां अष्टभुजी मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वे पिछले कई वर्षों से पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारं निभा रहे हैं। पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर श्रीधर सिंह गुड्डा, विकास सिंह, पहलाद साकेत, अंकित सिंह, अजय गुप्ता, नवीन सोनी, विनोद सिंह, शुभम तिवारी, अरुणेश सिंह, शेर अग्निहोत्री, अनूप सिंह, योगेंद्र विश्वकर्मा, चक्रधर सिंह इत्यादि



मौजूद रहे।

# अज्ञात व्यक्ति की मारपीट कर हत्या करने वाले 05 आरोपियो को किया गया गिरफ्तार

**मैहर**

पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बदेरा निरी. अभिषेक सिंह परिहार व उनकी सहयोगी टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति के साथ मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियो की भेजा गया जेल घटना विवरण ङ्क दिनांक 04/08/2025 को सूचनाकर्ता राहुल गुप्ता एवं शिवकुमार कोल दोनो निवासी भदनपुर उत्तर पट्टी मनटोलवा के द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति के यात्री प्रतीक्षालय के पास घायल अवस्था में पडे होने के संबंध में सूचना दी गई । सूचना पर डायल 100 उक्त घायल को लेकर मैहर अस्पताल पहुची ,जहां पर डांक्टर द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। पी.एम. कार्यवाही , फरियादी एवं ग्रामीणो के कथनानुसार आरोपीगण शिवकुमार कोल , श्यामलाल कोल , अनुज कोल , संदीप कोल , मनसुखलाल कोल सभी निवासी मनटोलवा एवं बबलू कोल निवासी पिपराबरबंड थाना बदेरा जिला मैहर के द्वारा अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 35 वर्ष के साथ तात्कालिक झगडा एवं गाली गलौच की बात पर मारपीट की गई। पीएम रिपोर्ट में मारपीट से आई चोटो के कारण उक्त अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु होना पाया गया है। आरोपीगणों के विरुद्ध प्रथम दृष्टया धारा 103(1), 3(5) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध क्रमांक 201/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया एवं उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर मांननीय न्यायालय पेश किया गया , जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा मे उपजेल मैहर भेजा गया है ।

गिरफ्तार आरोपी -- (1) शिवकुमार कोल पिता रामफल कोल उम्र 61 वर्ष ,(2) श्यामलाल कोल पिता लालमणि कोल उम्र 42 वर्ष (3) अनुज कोल पिता रामसुख कोल उमर 27 वर्ष (4) संदीप कोल पिता रामसुख कोल उम्र 25 वर्ष ,(5) मनसुखलाल कोल पिता रामभजन कोल उम्र 27 वर्ष सभी निवासी मनटोलवा भदनपुर थाना बदेरा जिला मैहर । सराहनीय भूमिका- निरी. अभिषेक सिह परिहार, उपनिरी0 आर.एन. रावत, सउनि0 अरविन्द सिंह , प्र0आर0 248 सुरेन्द्र दुबे, प्र.आर. 592 मनीष लारिया , आर. 526 उमेश नट आर.549 दिलीप ओझा, आर0 907 गजराज सिंह ,आर. 287 सम्भू राय ,आर. 12 चिन्ता मणी पाण्डेय की रही ।

# मंडला भाजपा हर घर तिरंगा से जन आंदोलन तक बनी रणनीति

**अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा**

मंडला,,, भारतीय जनता पार्टी, जिला मंडला के द्वारा मंगलवार जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर अनेक प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श हुआ और आगामी आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मंचासीन जिला भाजपा अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, जिला महामंत्री नीरज मरकाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, बिछिया भाजपा प्रत्याशी विजय आनंद मरावी, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, पूर्व जिला अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आगामी कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी सभी कार्यक्रम केवल प्रतीकात्मक न होकर राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक ऊर्जा और जनसंपर्क के सशक्त माध्यम बनें। इन आयोजनों के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना, पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना एवं हर वर्ग विशेषकर युवाओं और महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ना है। जिला भाजपा ने






सभी मोर्चा प्रमुखों, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्रों में निम्नलिखित बातों को सुनिश्चित करें। हर आयोजन की समयबद्ध और अनुशासित रूप से तैयारी की जाए। कार्यक्रमों में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो। पार्टी की नीति, संकल्प और उद्देश्य का प्रचार-प्रसार किया जाए। युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में प्रेरित करने वाले संवाद हों। सोशल मीडिया पर प्रत्येक गतिविधि का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पार्टी का नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की भावना से प्रेरित एक जन आंदोलन है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने कर्तव्य और भूमिका को समझे और पूरी निष्ठा से जुटे। यह समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि राष्ट्र को जागृत करने का अवसर है। 'हर घर तिरंगा' से लेकर 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' तक, सभी कार्यक्रम हमें अपने इतिहास, बलिदान और भविष्य की जिम्मेदारी का स्मरण कराते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे इन सभी आयोजनों को जन जागरण का माध्यम बनाएं और पार्टी की नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि ÷सभी कार्यक्रम अत्यंत भावनात्मक और राष्ट्र भावना को जागृत करने वाले हैं। 'एक पेड़ मां के नाम', 'हर घर तिरंगा' जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। इन अभियानों में जनभागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे संगठन और समाज दोनों सशक्त बनें। इसी क्रम में पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम ने कहा कि ÷जिला अध्यक्ष जी ने जो दायित्व आपको सौंपे हैं, उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करें। संगठन को अपने परिवार की तरह मानकर कार्य करें। साथ ही यह भी आवश्यक है कि कार्यकर्ता नियमित रूप से संगठन के कार्यालय आते रहें, ताकि कार्यों में निरंतरता बनी रहे।÷ भाजपा की बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रोचीराम गुरवानी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। हमें अपने विचारों, कार्यशैली और समर्पण से संगठन को और अधिक मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने आगे कहा कि अध्यक्ष द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। संगठन को परिवार मानकर कार्य करना ही सच्ची सेवा है।

जिला स्तरीय बैठक में अंत में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू कछवाहा ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमंत्रित वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ÷भाजपा की कार्यशैली जनसेवा और संगठन विस्तार पर आधारित है। हमें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ करना चाहिए। कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ हैं, और उनका समर्पण ही संगठन को आगे ले जाता है।÷

इस दौरान पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, समस्त मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री जनपद के अध्यक्ष नगर पालिका,नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य एवं कार्यक्रम के संयोजक सहसंयोजक उपस्थित रहे।

## जिले में ग्रामीण अंचलों के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी तो कही शिक्षक विहीन जिला मुख्यालय में भरमार

# भवन विहीन या जर्जर भवनों की स्थिति से बच्चों की पढ़ाई बेहाल'

अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा

मंडला-जिले के शासकीय स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था दिन-व-दिन चौपट होती जा रही है। सभी विकासखंडों में स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां कई स्कूलों में नियमित शिक्षक ही नहीं हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।इसका मुख्य कारण सलग्नीकरण शिक्षकों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से बनाई गई स्थानांतरण नीति अब ग्रामीण क्षेत्रों के लिए समस्या बनती जा रही है। अधिकतर शिक्षकों को मुख्यालय के पास के स्कूलों में पदस्थ किया जा रहा है, जहां पहले से ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक मौजूद हैं। जो शासन से बैठे की पगार ले रहे हैं वहीं दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों के स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण जिले के कुछ विकास खंड है। यहां शिक्षकों की बहुत अधिक कमी है। जब इस विषय में अधिकारियों से सवाल किया जाता है, तो जवाब मिलता है कि ये तबादले मंत्री के अनुमोदन से हुए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या मंत्री ने स्थानांतरण के पूर्व यह जांच नहीं की कि जिन स्कूलों में शिक्षक भेजे जा रहे हैं, वहां जरूरत भी है या नहीं?

शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग की भूमिका भी कटघरे में है कि क्या उन्होंने मंत्री को ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया या नहीं।

विभागीय जानकारी अनुसार जनजाति कार्य विभाग में शिक्षकों पदस्थापना के लिए संलग्नीकरण अभी सांठगांठ से किया जा रहा है। पर जो विकास खंड मण्डला अतिशेष है उन्होंने क्यों नहीं रिक्त पदों वाले स्कूलों में भेजा रहा है?

दूसरी ओर कई शासकीय स्कूल भवन विहीन हैं, और जहां भवन हैं भी, वे जर्जर हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में स्कूलों का संचालन आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक भवनों या किसी निजी मकान में







किया जा रहा है। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंडों में प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं की स्थिति –(यह संख्या घट-बढ़ सकती है)

### 1-विकास खंड मण्डला -

एक शिक्षकीय स्कूल जानकारी अप्राप्त, शिक्षक विहीन जानकारी अप्राप्त, 96 स्कूल के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, भवन विहीन स्कूल जानकारी अप्राप्त है।

### 2-विकास खंड घुघरी-

86 स्कूल एक शिक्षकीय, 30 स्कूल शिक्षक विहीन,
48 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, भवन विहीन की जानकारी अप्राप्त है।

### 3-विकास खंड नैनपुर -

एक शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी अप्राप्त, 02 स्कूल शिक्षक विहीन, 64 स्कूल भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 03 स्कूल भवन विहीन है।

### 4-विकास खंड मवई-

114 स्कूल एक शिक्षकीय, 24 स्कूल शिक्षक विहीन,
187 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 25 स्कूल भवन विहीन हैं।

### 5-विकास खंड नारायणगंज -

0 एक शिक्षकीय स्कूल, 0 शिक्षक विहीन,
47 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 06 स्कूल भवन विहीन हैं।

### 6-विकास खंड बिछिया -

39 एक शिक्षकीय स्कूल, 14 शिक्षक विहीन,
34 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 0 स्कूल भवन विहीन हैं।

### 7-विकास खंड मोहगांव -

47 स्कूल एक शिक्षकीय, 09 स्कूल शिक्षक विहीन,
25 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, भवन विहीन की जानकारी अप्राप्त है।

### 8-विकास खंड बीजाडांडी -

69 एक शिक्षकीय स्कूल, 08 शिक्षक विहीन,
90 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 02 स्कूल भवन विहीन हैं।

### 9-विकास खंड निवास -

07 स्कूल एक शिक्षकीय, 02 स्कूल शिक्षक विहीन,
10 स्कूलों के भवन जर्जर/क्षतिग्रस्त, 02 स्कूल भवन विहीन हैं।

इस तरह से जिले प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों की स्थिति देखी जाए तो लगभग 89 स्कूल शिक्षक विहीन, 362 स्कूल एक शिक्षकीय, 37 स्कूल भवन विहीन और 601 स्कूल जर्जर/क्षतिग्रस्त स्थिति में होने के कारण कुछ अति जर्जर स्कूलों का संचालन के लिए स्कूलों को इधर-उधर शिफ्ट करना पड़ा है। और जो कुछ हद तक मरम्मत योग्य है उनके लिए मरम्मत की मांग की जा रही है। साथ ही कुछ भवनों को पूर्ण रूप से डिस्मेंटल किये जाने की बात कही जा रही है। साथ जानकारी में आया है कि जिला शिक्षा केंद्र द्वारा कई अधूरे स्कूल भवनों को पोर्टल पर %पूर्ण% और %उपयोग में% दिखाया गया है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अगर इनकी गहन जांच कराई जाए तो जिला शिक्षा केंद्र की कई खामियां सामने आ सकती हैं। इसके अलावा एक गंभीर विषय यह भी है कि जिले के कई शिक्षकों को विभागीय कार्यालयों में संलग्न कर लिया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य न कराया जाए। फिर भी शिक्षकों का स्कूल से हटाकर कार्यालयों में पदस्थ किया जाना, शैक्षणिक व्यवस्था को और कमजोर बना रहा है। अब सवाल यह है कि इन गंभीर समस्याओं का हल कब और कैसे निकलेगा? क्या जिला शिक्षा केन्द्र विभाग और जनजाति कार्य विभाग इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर जरूरी कदम उठाएंगे, या फिर गरीब और ग्रामीण बच्चों की शिक्षा इसी तरह उपेक्षित रहेगी?

## मंडला महिष्मति घाट से निकली ऐतिहासिक नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत श्रावण मास में विशेष परंपरा बनी पहचान

अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा





मण्डला। सावन मास के अंतिम सोमवार को महिष्मति घाट मंडला से पहली बार नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यहां प्रात्काल विधि विधान से मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हुए महाआरती के साथ नर्मदा जल कांवड़ में भरा गया और सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी कांवड़ लेकर व्यास नारायण मंदिर किला घाट के लिए रवाना हुए। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट महिष्मति घाट के तत्वाधान में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा का आरंभ प्रात 9 बजे हुआ जिसमें सैकड़ो शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच महिष्मति घाट से की गई। इस पवित्र अवसर पर शिवलिंग की विशेष झांकी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही जिसे बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। पूरे मार्ग में भक्ति, उत्सव और श्रद्धा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के साथ ट्रस्ट सदस्य संजय तिवारी, नीरज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, मनोज फागवानी सहित सामाजिक लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस यात्रा में स्वयं कांवड़ सेवा की। साथ ही भगवान भोलेनाथ की पालकी भी उठाई। पुलिस बैंड द्वारा माँ नर्मदा आरती की धुन के साथ यात्रा को गंतव्य के लिए आगे बढ़ाया गया। कांवड़ यात्रा माहिष्मती घाट से सर्किटहाउस चौक, नेहरू स्मारक, बैगा-बैगी चौक, रेडक्रॉस, बड़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी बाजार से होते हुए किलाघाट स्थित व्यासनारायण मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में 151 कांवड़ यात्रियों ने माँ नर्मदा का पवित्र जल व्यास नारायण मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित किया। व्यासनारायण मंदिर परिसर में हवन एवं आरती कर जिलेवासियों के कल्याण की कामना की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में फलाहार का वितरण किया गया। नगर में अंतिम श्रावण सोमवार के अवसर पर आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल यात्रियों का नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में आत्मीय स्वागत किया गया। नगर के धर्मप्रेमीजनों ने कांवडयात्रियों का तिलक-वंदन तथा पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। नगरपालिका परिषद की ओर से कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। यात्रा मार्ग में स्थित श्रीराम मंदिर एवं श्री हनुमान मंदिर बुधवारी चौक में श्रृद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान शीतल जल भी उपलब्ध कराया गया। इस पूरी यात्रा के दौरान नगर में आस्था और अनुशासन का अद्भुत मेल देखने को मिला। भक्तजन भगवा वस्त्र, कांवड़, त्रिशूल और शिव ध्वज के साथ भक्ति भाव में लीन दिखे। युवाओं ने ढोल और बैंड की ताल पर शिव तांडव का उल्लास से स्वागत किया वहीं बुजुर्ग श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के नाम में मग्न दिखे। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट द्वारा इस आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं अत्यंत सुनियोजित ढंग से की गई थीं। यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण आदि सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने दिन-रात परिश्रम कर इस इस भव्य आयोजन में अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों और युवाओं ने तन-मन-धन से सहभागिता निभाई। शहर के विभिन्न कोनों से आए श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को श्रावण मास की सबसे भव्य बताया और आयोजकों की सराहना की। ऐसी कांवड़ यात्रा मंडला में पहली बार देखी है सब कुछ दिव्य और अद्भुत था शिवलिंग की झांकी देखकर मन भाव-विभोर हो गया यह यात्रा अब हर साल होनी चाहिए। आयोजकों ने यह भी बताया कि यह यात्रा अब हर वर्ष श्रावण मास में एक विशेष परंपरा के रूप में आयोजित की जाएगी जिससे मंडला की धार्मिक पहचान को एक नई दिशा मिलेगी। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है जो हमें भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा, नर्मदा के पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए निकाली जाती है। यह यात्रा विशेष रूप से सावन के महीने में भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक निकाली जाती है। इस यात्रा में भक्त नर्मदा से पवित्र जल भरकर कांवड़ में लाते हैं और फिर उसे विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं। वही पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक करना, भक्ति और आस्था को प्रदर्शित करना, और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करना होता है। पंडित नीलू महाराज ने कहा कि यह यात्रा आमतौर पर सावन के महीने में विशेष रूप से सोमवार को निकाली जाती है। कांवड़िए नर्मदा तटों से जल भरकर, विभिन्न मंदिरों से होते हुए, अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। यात्रा के दौरान, भक्त बोल बम और हर हर महादेव जैसे जयकारे लगाते हैं, और रास्ते में उनका स्वागत किया जाता है। उन्होंने अन्य पुरोहितो के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। वहीं बड़ चौराहा में सिंधी समाज ने पुष्पवर्षा करते हुए कांवडियो का स्वागत किया तो वहीं उदय चौंक में परिषद के द्वारा पेयजल वितरण किया गया।

## लोकार्पण को डेढ़ वर्ष बीते, अब तक नए भवन में शिफ्ट नहीं हुआ समनापुर महाविद्यालय

### चार सौ से अधिक छात्र अब भी पढ़ रहे हैं आ स्थायी कमरों में, बाउंड्री व सड़क निर्माण अधर में

रिपोर्ट:दुर्गेश बर्मन



डिंडौरी (फतवा)समनापुर्शासन की ÷शिक्षा को सशक्त और सुलभ बनाने÷ की मंशा को ज़मीनी हकीकत ने फिर कठघरे में ला खड़ा किया है। जनपद मुख्यालय समनापुर में करीब 617.82 लाख रुपये की लागत से बना महाविद्यालय भवन, जिसका लोकार्पण 6 अक्टूबर 2023 को धूमधाम से हुआ था, आज डेढ़ वर्ष बाद भी वीरान पड़ा है। जबकि इस भवन को निर्माण के तुरंत बाद शासकीय महाविद्यालय समनापुर को सौंपने की घोषणा की गई थी, परंतु अब तक कॉलेज का संचालन पुराने, अस्थायी कमरों से ही हो रहा है, जहां 400 से अधिक विद्यार्थी तमाम असुविधाओं के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### बाउंड्री वॉल नहीं बनी, सुरक्षा पर खतरा

महाविद्यालय भवन की सबसे गंभीर समस्या सुरक्षा से जुड़ी है। भवन के ठीक पीछे पहाड़ी क्षेत्र है, जिससे बारिश के दौरान मिट्टी खिसकने की संभावना लगातार बनी रहती है। पहले भी एक बार दीवार ढह चुकी है, फिर भी बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं हुआ है।

कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने लोक निर्माण विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि –शिक्षा के नाम पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, पर जिम्मेदार अधिकारी विद्यार्थियों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### सड़क से कॉलेज तक पहुंच में भी खतरा

समनापुर-बम्हनी मुख्य मार्ग से कॉलेज भवन तक का रास्ता लगभग 100 मीटर का है, जिसे पहाड़ी काटकर बनाया गया है। ढलान में बना यह रास्ता मुख्य मार्ग से जुड़ता है, पर वहां अतिक्रमण और मोड़ के कारण वाहन नहीं दिखते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कॉलेज प्रशासन और स्थानीय लोगों ने सुरक्षित सड़क निर्माण और संकेतक लगाए जाने की मांग की है।

### लोकार्पण पूर्व ही कराया निर्माण अधूरा!

यह भी उल्लेखनीय है कि भवन का लोकार्पण उस समय कराया गया था, जब न तो सुरक्षा दीवार बनी थी, न बिजली-पानी की पूरी व्यवस्था, और न ही विद्यार्थियों की पहुँच की सड़क तैयार थी। यह दर्शाता है कि अधिकारियों ने केवल औपचारिकता निभाने के लिए लोकार्पण कर दिया था, जबकि कार्य अभी अधूरा था।

### अब सवाल ये है-

करोड़ों की लागत से तैयार भवन का उपयोग कब शुरू होगा?
क्या शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं?
क्या लोकार्पण को मात्र दिखावा मान लिया जाए?

### इनका कहना है

भवन की स्थिति को लेकर हमने विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा है। बाउंड्री वॉल, सुरक्षा दीवार और मुख्य मार्ग से कनेक्टिव सड़क के निर्माण के लिए कई बार अनुरोध किया गया है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

**चैन सिंह परस्ते प्राचार्य महाविद्यालय समनापुर**

जरूरत इस बात की है कि महाविद्यालय भवन का द्वितीय निरीक्षण हो, बाउंड्री वॉल व सड़क को शीघ्र प्राथमिकता में लेकर निर्माण पूरा कराया जाए, और हम छात्रों को सत्र 2025-26 से नए भवन में पढ़ाई का अधिकार मिले। अन्यथा हड़ताल करेंगे

**प्रवेश चौबे महाविद्यालय छात्र**

## चौथी सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाबः ऋणमुक्तेश्वर कावड़ यात्रा में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

### 15 वर्षों से निरंतर चल रही डिंडौरी जिले की ऐतिहासिक यात्रा आज सम्पन्न, कुकर्रामठ बना श्रद्धा का तीर्थस्थल

रिपोर्ट:दुर्गेश बर्मन

डिंडौरी(फतवा)सावन के पावन माह की चौथी सोमवारी, 4 अगस्त 2025 को डिंडौरी जिले की सबसे पुरानी एवं ऐतिहासिक ऋणमुक्तेश्वर कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। 15 वर्षों से लगातार जारी इस परंपरा में इस वर्ष भी 15,000 से अधिक श्रद्धालुओं और कावड़ियों ने भाग लिया बहुत जगाओ से और कुकर्रामठ स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।







### 15 किमी की पदयात्रा बनी भक्ति का प्रतीक

यात्रा की शुरुआत सुबह डिंडौरी शहर के मढ़िया घाट से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा से जल भरकर कावड़ में रखा और करीब 15 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए कुकर्रामठ मंदिर पहुंचे। इस यात्रा में ऋणमुक्तेश्वर क़ाबड़ यात्रा समिति सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।

### हर आयु वर्ग ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

इस बार की यात्रा में छोटे छोटे बच्चों सहित वृद्धों तक ने उत्साह से भाग लिया। कहीं अकेले तो कहीं सामूहिक रूप से श्रद्धालु कंधे से कंधा मिलाकर कावड़ उठाते दिखे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से जल कलश उठाकर अपनी आस्था का परिचय दिया।

### स्थानीय नागरिकों ने किया भव्य स्वागत

पूरे यात्रा मार्ग में घानाघाट, महावीरा, बल्लारपुर सहित अनेक स्थानों पर स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संस्थाओं ने श्रद्धालुओं का स्वागत फलाहार, चाय-पानी और पुष्पवर्षा से किया। सेवा भावना और सामुदायिक सहभागिता की मिसाल इस यात्रा में साफ देखी गई।

### मंदिर परिसर में सुबह 7 से रात 7 तक रहा जनसैलाब

सुबह से ही कुकर्रामठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। कावड़ लेकर आए भक्तों को प्राथमिकता से प्रवेश दिया गया। सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा अनुशासित ढंग से संभाली गई, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हुई।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही मुस्तैद

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए डिंडौरी से कुकर्रामठ तक पूरे मार्ग में पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर के बाहर व अंदर भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए थे। कहीं से भी अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली, जिससे आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### अनुशासन और श्रद्धा का अद्भुत संगम

पूरी यात्रा में भक्तों ने अनुशासन, संयम और भक्ति का परिचय दिया। जल कलश को आदरपूर्वक उठाया गया, न कोई ध्वनि प्रदूषण हुआ और न ही कोई अव्यवस्थित स्थिति बनी। यह आयोजन सामाजिक समरसता और श्रद्धा का प्रतीक बन गया।

### कुकर्रामठ बना श्रद्धा का केन्द्र

मान्यता है कि ऋणमुक्तेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक से जीवन के कष्ट, ऋण और दुखों से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां हजारों श्रद्धालु खिंचे चले आते हैं। आज की चौथी सोमवारी को यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से पूर्ण रूप से सफल रहा।

### संघर्ष से शुरु हुई थी परंपरा, कभी होता था विरोध

आज जहां ऋणमुक्तेश्वर कावड़ यात्रा जनआस्था का विराट रूप बन चुकी है, वहीं 15 वर्ष पहले जब इस यात्रा की शुरुआत हुई थी, तब इसे लेकर कई विरोध और आपत्तियाँ सामने आई थीं,समिति के सदस्यों ने बताया कि पुरातत्व विभाग द्वारा लगातार दो साल मंदिर में पूजन अर्चन करने को लेकर विवाद सहित द्धह्वह्न तक दर्ज कराने का प्रयास किया गया,इसके वाबजूद आज तक भक्तों ने बिना दबाब और उत्साह के साथ क़ाबड़ यात्रा निकालते हैं, साथ ही अब आस पास के जिलों से भी लोग ऋणमुक्तेश्वर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपने तथा पितृऋण से मुक्ति की कामना करते हैं।

## हर घर तिरंगा और मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा को गौरवपूर्ण बनाएं- मीना बिसेन

सिवनी

भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय सिवनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत के विजय उत्सव और गौरव गान का सत्र है। ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ और ÷ऑपरेशन महादेव÷ जैसे राष्ट्रीय पराक्रमों के बाद देशभक्ति का यह पर्व हर नागरिक और कार्यकर्ता के लिए विशेष महत्व रखता है।

श्रीमती बिसेन ने कहा कि ÷तिरंगा यात्रा को मंडल स्तर पर नवाचारों के साथ जनसहभागिता से संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है।÷ उन्होंने पूर्व आयोजनों की समीक्षा करते हुए बताया कि जैसे %मन की बात% कार्यक्रम की अपलोडिंग में जिले ने 62त्न की उपलब्धि हासिल की थी, उसी प्रकार आगामी सभी आयोजनों की डिजिटली जानकारी समय पर अपलोड हो यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आगे बताया कि ÷एक पेड़ माँ के नाम÷, ÷वन नेशन ङ्क वन इलेक्शन÷, अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष से जुड़े आयोजन, अटल जी की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती जैसे कार्यक्रम भी निकट भविष्य में हर बूथ पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने मंडल स्तर पर समयबद्ध बैठकों और योजना निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया ने भारत के विभाजन की पीड़ा पर भावुक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि ÷विभाजन की विभीषिका भारत के इतिहास का सबसे मार्मिक और क्रूर अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवा पीढ़ी से आग्रह किया।

### विकास के व्यापक दृष्टिकोण के साथ सम्पन्न हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक

# जिले की विकास योजनाओं की सफलता और सामूहिक सहभागिता से ही संभव...जिला पंचायत अध्यक्ष

**जनपद और जिला स्तर की कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए...उपाध्यक्ष**

**भरतपुर, खड़गवां और मनेंद्रगढ़ जनपद अध्यक्षों ने राशन, शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र और पेयजल की समस्याओं पर दिए स्पष्ट सुझाव**

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

एमसीबी/मनेंद्रगढ़ – जिले की मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक का आयोजन किया गया। जो कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने की जबकि उपाध्यक्ष राजेश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले की सभी प्रमुख विभागीय योजनाओं, जनहितकारी कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की गहन और व्यापक समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से की गई जिसमें मातृ एवं शिशु संरक्षण (एमसीपी) कार्ड की पहली तिमाही के पंजीयन की स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, पीपीआईयूसीडी, क्षय रोग और टीवी रोगियों की एक्स-रे सुविधा, स्कूली छात्रों को निःशुल्क चश्मा वितरण, मोतियाबिंद उपचार, सिकलसेल रोग की जांच और उपचार, एनओएचपी डेंटल ओपीडी की उपलब्ध सेवाएं, आयुष्मान कार्ड वितरण और व्यय वंदन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके पश्चात योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा विकासखंड मनेंद्रगढ़ और खड़गवां के ग्राम मझौली, जरौंधा एवं नारायणपुर में सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों की स्थिति प्रस्तुत की गई साथ ही जिले के तीनों विकासखंडों मनेंद्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर में विधायक निधि से अनुशंसित, स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जिसमें हैंडपंप उत्खनन, शेड निर्माण, नागपुर में 11 केवी बिजली






पोल शिफ्टिंग कार्य जैसे कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में राशन वितरण प्रणाली की स्थिति, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही समस्याएं, भरतपुर क्षेत्र में यूरिया की कमी, सरस्वती स्कूल योजना, भूमिगत ट्रांसफार्मर की आवश्यकता, जर्जर हो चुके विद्यालय भवन, छात्रावासों की खराब स्थिति, क्रीड़ा परिसर के निर्माण एवं उपयोगिता, वन संसाधन प्रबंधन, सामुदायिक दावे एवं सामाजिक विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत, अस्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें नलजल योजना, बहुद्देशीय केंद्र निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, छात्रावासों का संचालन, पक्के घरों का निर्माण, सड़क निर्माण, विद्युतीकरण, वन धन विकास केंद्र, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, तथा मोबाइल टॉवर की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षात्मक चर्चा की गई, साथ ही सरगुजा विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की गंभीर समीक्षा की गई। इस में बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं जैसे पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी संचालन, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, किशोरी बालिकाओं हेतु पोषण आहार योजना, एवं महिला सशक्तिकरण की प्रगति को लेकर चर्चा किया गया। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित विद्यालयों की भौतिक स्थिति, छात्र संख्या, अधोसंरचना, शिक्षकों की उपस्थिति, गुणवत्ता शिक्षा की स्थिति, डिजिटल लर्निंग के प्रयास एवं पुस्तक वितरण और स्कूलों में बस्तर सरगुजा की पारम्परिक संस्कृति की एक्टिविटी जैसी योजनाओं को लेकर चर्चा किया गया। वहीं कृषि विभाग की योजनाओं में खरीफ फसल बीज वितरण, कीट नियंत्रण, जैविक खेती, किसान प्रशिक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई संसाधनों की उपलब्धता और कृषक पंजीयन की समीक्षा की गई। इसके साथ ही खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण, पीडीएस दुकानों की निगरानी, खाद्यान्न वितरण की पारदर्शिता, डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था की स्थिति, तथा पात्रता पर्चियों की अद्यतन जानकारी दी गई। वहीं विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण व शहरी विद्युतीकरण की प्रगति, ट्रांसफार्मर की मरम्मत व अदला-बदली, विद्युत कटौती की समस्या, मीटर रीडिंग, नवीन कनेक्शन, वसूली अभियान, 11 केवी एवं 33 केवी लाइन की मरम्मत और विस्तार योजना की समीक्षा की गई। इसके अलावा क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा के तहत चल रही योजनाओं जैसे सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पंप, सोलर रूफटॉप, सोलर चार्जिंग स्टेशन एवं ऊर्जा साक्षरता अभियान की अद्यतन स्थिति को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें फलदार पौधों का रोपण, फेंसिंग, वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर, विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था, स्वतंत्र खरीद अधिकार, पंजीयन एवं खनन शर्तों की जानकारी सहित राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत फलों, फूलों और सब्जियों की योजनाएं जैसे कटहल, लौकी, गेंदा, पॉलीहाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग, वर्मी कम्पोस्ट, मधुमक्खी पालन, ग्राफ्टेड बैगन व टमाटर और राष्ट्रीय बांस मिशन की प्रगति पर गहन विचार विमर्श हुआ।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विभागों को समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति प्रस्तुत करें। ताकि समस्याओं की पहचान कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और महिला कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही, वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी विकास कार्यक्रम की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और सक्रिय उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जिला पंचायत एवं जनपद स्तर की किसी भी कार्यक्रम या योजनाओं की प्रस्तुति में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों का नाम, भूमिका और विचार स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह न केवल लोकतांत्रिक मर्यादा का विषय है बल्कि जिम्मेदारी और जवाबदेही की भावना को भी मजबूत करता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी, सुखमंती सिंह, बेला कुंवर आयाम, अनीता सिंह, उदित नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, ममता सिंह, प्रिया सिंह, भरतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, खड़गवां जनपद पंचायत अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, सांसद प्रतिनिधि रामनरेश पटेल, भरतपुर विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता और मनेंद्रगढ़ विधायक प्रतिनिधि अरुणोदय पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 19 खिलाड़ी दिखायेंगे अपनी प्रतिभा





**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

एमसीबी– जिले की टीम ने संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता गतका, योगा बालक एवं बालिका आयु वर्ग वर्ष 14, 17, 19 ने अंबिकापुर में शानदार प्रदर्शन किया। गतका खेल में 9 में से 7 खिलाड़ी, योगा में 19 में से 12 खिलाड़ी राज्य स्तर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता राजनांदगांव में होने वाले 10 सितंबर 2025 से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि के लिए समस्त खेल से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी, सभी कोच तथा मैनेजर और प्रतिभागियों ने सबको बधाई और शुभकामनाए दी है। इस संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रणधीर ठाकुर, पुरन कश्यप, श्रीमती सुनीता मिश्रा, कर्मेंद्र साहू, महेश साहू , नीरज ठाकुर, श्रीमती सुनीता यादव, अनीता तिर्की, विवेक तिवारी, विजय मार्को ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# राजस्व कार्यालय भरतपुर जनदर्शन में 23 आवेदन प्राप्त हुए

**अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

**एमसीबी/भरतपुर**




कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने 5 अगस्त 2025 को भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज की जनदर्शन में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदक बाबूलाल निवासी सिंगरौली बाबू द्वारा तहासील कार्यालय में पेशी फाईल नहीं निकालने के संबंध में, कलावती निवासी पतवाही पीएम जनमन निर्माण कार्य हेतु रेत की अनुमति प्रदान करने के संबंध में, शंकर लाल निवासी कोटाडोल काबिज भूमि को जंगल विभाग द्वारा वन भूमि बताये जाने के संबंध में, जयमंती वर्मा निवासी भरतपुर भूमि बटवारा नहीं किये जाने के संबंध में, समस्त पालकगण निवासी डोम्हरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोम्हरा के प्रभारी प्राचार्य द्वारा कोरोना 2020-21 में शुल्क लिये जाने के संबंध में, अनिल कुमार निवासी जनकपुर तहसील कार्यालय भरतपुर में दर्ज प्रकरण न मिलने के संबंध में, भैयालाल चौधरी निवासी जनकपुर मृत जानवरों को ग्राम से बाहर फेकने का भूगतान न मिलने के संबंध में, प्रवीण तिवारी निवासी देवगढ़ शौचालय निर्माण का भुगतान कराये जाने के संबंध में अपना आवेदन लेकर उपस्थित हुए थे। इसी प्रकार जमीन नामांतरण, बटंवारा, फौती, आय, जाति, निवास, पेंशन और राशन से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये थे।

अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाः सौर ऊर्जा से संवरते सपने

## श्रीमती अंजली सिंह को मिली राहत, आधा हुआ बिजली बिल

**बिलासपुर**



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पूरे देश की तरह बिलासपुर जिले के लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रही है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि महंगाई के इस दौर में भारी भरकम बिजली बिल से भी राहत मिल रही है। शहर की अशोक नगर निवासी श्रीमती अंजली सिंह ने अपनी छत पर 3 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इस सोलर प्लांट की कुल लागत 1 लाख 85 हजार रुपये आई। इसमें से केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये की सब्सिडी भी मिली है। श्रीमती सिंह ने बताया कि सोलर प्लांट लगाने से पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल ढाई से 3 हजार तक आता था, लेकिन अब उनका बिजली आधा हो गया है। इससे उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच से अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है इस योजना में अब राज्य सरकार भी केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने और बिजली उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए योजना में 30 हजार रुपये तक का अतिरिक्त अनुदान देने का निर्णय लिया है। श्रीमती सिंह ने बताया कि पहले बिजली चली जाने पर दिक्कतें होती थीं, बार बार शिकायत करनी पड़ती थी। अब इन सारी समस्याओं से छुटकारा मिल गया है। आवेदन करने के दस दिनों के भीतर सेटअप भी लग गया था। उन्होंने योजना के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि सोलर सिस्टम का रख रखाव बेहद सरल है और इसमें कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आता है। हर व्यक्ति के लिए इसे उपयोगी बताते हुए इस योजना से जुड़ने कहा।

### सरकार से मिल रही है सब्सिडी -

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत स्थापित सोलर रूफटॉप संयंत्र विद्युत ग्रिड से नेट मीटरिंग के माध्यम से जोड़ा जाता है। उपभोक्ता अपनी जरूरत से अधिक बिजली का उत्पादन कर ग्रिड को सप्लाई कर सकते हैं, जिससे उनका बिजली बिल शून्य होने के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। इस योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 30 हजार रुपए और राज्य सरकार से 15 हजार रुपए की कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी, 2 किलो वॉट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार, वहीं 3 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए एवं राज्य सरकार से 30 हजार रुपए कुल 1 लाख 8 हजार रुपए का अनुदान प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को https://pmsuryaghar.gov.in वेबसाइट या पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप पर पंजीयन कराना होगा।

# हर घर तिरंगा अभियान तिरंगा रैली एवं सायकल रैली 11 अगस्त को

**बिलासपुर**

जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग÷ थीम पर आधारित है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 11 अगस्त को प्रातः 8 बजे से तिरंगा रैली एवं सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, युवा मण्डल, ग्रामीण युवक-युवती, खिलाड़ी, सीआरपीएफ तथा पुलिस विभाग के जवानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# कलेक्टर, सीईओ ने इको-फ्रेंडली बीज राखी स्टॉल से खरीदी राखी

**सक्ती**

कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत सीईओ श्री वासु जैन ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर पर स्व सहायता समूह द्वारा लगाये गए इको-फ्रेंडली बीज राखी स्टॉल का अवलोकन करते हुए राखीयाँ खरीदी। कलेक्टर और सीईओ द्वारा जिले में लगातार स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न नवाचार गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके तहत बिहान अंतर्गत राधा कृष्ण स्व सहायता समूह, पलाड़ीकला की दीदियों द्वारा एक आकर्षक इको-फ्रेंडली बीज राखी स्टॉल कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में लगाया गया। इस स्टॉल में हस्तनिर्मित, बीजोपचारित एवं पर्यावरण अनुकूल राखियों का प्रदर्शन एवं बिक्री की गई। इन राखियों की खासियत यह है कि इन्हें खीरा, धान, ककड़ी, कद्दू, करेला, मक्का, मूंग जैसे उच्च गुणवत्ता वाले बीजों से तैयार किया गया है। रक्षाबंधन के बाद इन राखियों को गमलों या बाड़ी में लगाकर पौधे उगाए जा सकते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल है।

# जिले में तीन चरणों में मनाया जा रहा है हर घर तिरंगा कार्यक्रम हर नागरिक की भागीदारी होगी सुनिश्चित

**बिलासपुर**

जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। जिला पंचायत बिलासपुर द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 के सफल आयोजन हेतु 2 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। पहले चरण में जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में तिरंगा थीम पर दीवार सज्जा, रंगोली, पेंटिंग एवं अन्य कला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही एसएचजी समूहों द्वारा तिरंगा राखी निर्माण कर उन्हें सैनिकों और पुलिसकर्मियों को भेजा जाएगा। हाट-बाजारों में तिरंगा रंग की पारंपरिक वस्त्र शिल्प का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे चरण में जनभागीदारी सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें ÷तिरंगा महोत्सव÷ जैसे विशेष आयोजन किए जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर वीआईपी अतिथियों जैसे कि सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में जिला मुख्यालय या बड़े जनसमूह वाले ब्लॉक में एक दिवसीय तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे। हाट-बाजारों में तिरंगा मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें एसएचजी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। महिला समूहों को विशेष स्टॉल आबंटित किये जायेंगे। स्कूली छात्रों, युवा मंडलों और ग्रामीण युवाओं की भागीदारी से तिरंगा रैली और साइकिल रैली निकाली जाएगी। सीएपीएफ और पुलिस विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तिरंगा कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा और सेल्फी बूथ स्थापित कर हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार किया जाएगा। प्रमुख चौक-चौराहों, पंचायत भवनों और बाजारों को तिरंगा रोशनी से सजाया जाएगा। तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त के बीच ध्वजारोहण एवं फोटो अपलोड सप्ताह मनाया जाएगा। पंचायत भवन, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों में ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रत्येक घर पर ध्वज लगाने हेतु प्रेरणा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एसएचजी सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नागरिकों को 222.द्धड्ढद्धद्धड्डद्धद्धड्ढद्धड्ढठ्ठद्ध.ष्द्ध पर अधिक से अधिक फोटो अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस संपूर्ण अभियान की निगरानी हेतु ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी और ग्राम पंचायतों में स्वयंसेवकों की टीमें बनाई जाएंगी।

**घुमंतू पशुओं पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश**

# पशु मालिकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत होगी एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर**




शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्ग एवं सड़कों पर घूमते पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं में जन और पशुधन की हानि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंथन सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में नगर निगम, पशु चिकित्सा विभाग, पुलिस और पंचायत प्रशासन के अधिकारियों को घुमंतू पशुओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। मंथन में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों की जान के साथ पशुधन की भी हानि हो रही है, यह चिंताजनक स्थिति है उन्होंने कहा कि यदि पशु मालिक अपने पशुओं का उचित प्रबंधन करें और उन्हें सड़कों पर छोड़ने से परहेज करें, तो इस समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है अन्यथा पशु मालिकों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सड़कों और मुख्य मार्गों पर घूमते पशुओं के मामलों में अब संबंधित पशु मालिकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए नगर निगम के सभी जोन कार्यालय, नगर पालिकाएं और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई है, जो चिन्हित क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर कार्रवाई करेंगे। बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के उप पुलिस अधीक्षक श्री राजेंद्र जायसवाल एवं श्रीमती अर्चना झा ने पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं और एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर पशु छोड़ना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए पशु मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने भी पशुओं के प्रबंधन के लिए कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जोन में एक समर्पित निगरानी टीम के जरिए सुबह-शाम निरीक्षण कर पशुओं की पहचान कर उनके मालिकों तक पहुंचे और उन्हें समझाइश दी जाए और कार्यवाही के विषय में भी बताया जाए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ आम नागरिकों को भी जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों और पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पशु मालिक स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझें और पशुओं को खुला न छोड़ें।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए संपर्क करें पेपर, विज्ञापन, समाचार ,एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए



धर्मेंद्र वस्त्राकर
स्थानीय संपादक कार्यालय बिलासपुर

# तमन्ना भाटिया का ब्यूटी ट्रीटमेंट पर बयानः कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट अब आम



मुंबई।

बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अक्सर उनके खूबसूरत चेहरे और बेदाग त्वचा के चलते 'मिल्की ब्यूटी' कहा जाता है। हालांकि, उनकी गोरी रंगत को लेकर कई बार सवाल भी उठाए गए हैं। कुछ लोगों का मानना है कि तमन्ना ब्यूटी ट्रीटमेंट या कॉस्मेटिक प्रोसीजर का सहारा लेती हैं। इंडस्ट्री में इस तरह के ट्रीटमेंट को लेकर सेलेब्स अक्सर ट्रोलिंग का शिकार होते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की अचानक मौत के बाद यह मुद्दा और भी सुर्खियों में आ गया। इस बीच, तमन्ना भाटिया ने इस संवेदनशील विषय पर खुलकर अपनी राय रखी है।

हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में तमन्ना ने कहा कि ऐसे मुद्दों पर चर्चा करना आसान है क्योंकि लोग सेलेब्स की ज़िंदगी को सार्वजनिक मानते हैं। उन्होंने कहा, ÷मीडिया की नजरों में रहने वाले लोगों के बारे में बात करना बहुत आसान होता है। क्योंकि आप उनकी जिंदगी के बारे में जानते हैं। लेकिन बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिनके बारे में आप कुछ नहीं जानते और जान भी नहीं पाएंगे। इन मुद्दों पर चर्चा करने से हम कहीं नहीं पहुंचते।÷

तमन्ना ने आगे बताया कि अब बोटोक्स और स्किन ट्रीटमेंट जैसे कॉस्मेटिक प्रोसीजर को टैबू नहीं माना जाता, लेकिन फिर भी सेलेब्स इस पर खुलकर बात करने से बचते हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी यानी जेन-जी इन बातों को लेकर अधिक सहज है। ÷जो भी ऐसा ट्रीटमेंट करवाते हैं, वो इस पर खुलकर बात करते हैं। लेकिन कई लोग इसलिए चुप रहते हैं क्योंकि वो जज नहीं होना चाहते। फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे लोगों पर पहले ही काफी उंगलियां उठती हैं, इसलिए वे अपनी निजी जिंदगी शेयर करने में सहज नहीं होते।÷ तमन्ना का यह बयान इंडस्ट्री में सौंदर्य मानकों और उन पर लगे सामाजिक दबाव को उजागर करता है। उनका कहना है कि कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट अब आम हो चुके हैं और हर व्यक्ति को अपनी पसंद से फैसले लेने का अधिकार है, बशर्ते उस पर जजमेंट न किया जाए।

## गंभीर ने आलोचकों को दिया जवाब, कुछ जीतेंगे, कुछ हारेंगे पर कभी हार नहीं मानेंगे

ओवल ■ एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में बराबरी हासिल करने से भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर बेहद उत्साहित हैं। गंभीर को कोच बनने के बाद से ही ये पहली बड़ी सफलता मिली है क्योंकि इससे पहले हुई टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठने लगे थे। ऐस में इस सीरीज के 2-2 से ड्रॉ रहने से गंभीर को बड़ी राहत मिली है। इस सीरीज में मिली सफलता के बाद गंभीर ने सोशल मीडिया पर अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा, हम कुछ जीतेंगे, वहीं कुछ हारेंगे पर कभी हार नहीं मानेंगे। इसके बाद उन्होंने टीम की प्रशंसा की। ओवल टेस्ट के अंतिम दिन इंग्लैंड को जहां जीत के लिए मात्र 35 रनों की जरुरत थी पर भारतीय टीम के गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने उसके हाथ में आई जीत छीन ली। जिसके बाद से भी भारतीय प्रशंसकों में खुशी की लहर है। ये जीत टीम को अनुभवी खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना मिली मिली है।

इस सीरीज का पहला मैच मेजबान टीम ने जबकि दूसरा भारतीय टीम ने जीता। तीसरा टेस्ट जीतकर मेजबानों ने फिर बढ़त ली पर भारतीय टीम ने चौथे टेस्ट को ड्रॉ पर रोक दिया। अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम ने जीत हासिल कर सीरीज बराबरी पर ला दी।

## इरडा ने खामियों के चलते इंश्योरेंस ब्रोकर्स पर लगाया पांच करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने कुछ खामियों की वजह से पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स पर पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही बीमा मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर आगाह भी किया है।




पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स को पहले पॉलिसीबाजार वेब एग्रीगेटर के नाम से जाना जाता था। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बयान में कंपनी को निर्देश, सलाह और चेतावनी भी जारी की है। नियामक ने कहा कि पॉलिसीबाजार वेब एग्रीगेटर प्राइवेट लिमिटेड अब पॉलिसीबाज़ार इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड पर बीमा अधिनियम और नियमों एवं विनियमों के तहत स्थापित कई उल्लंघनों के लिए निर्देश, सलाह और चेतावनी के साथ पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पॉलिसीबाजार साल 2008 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक 4.2 करोड़ से ज्यादा बीमा पॉलिसी बेच चुका है।

मीडिया रिपोर्ट में इरडा ने कहा कि कंपनी ने नियामकीय उल्लंघन करने के साथ ग्राहकों से भी धोखाधड़ी की है। इरडा ने कहा है कि बिना अप्रूवल के ही कंपनी ने दूसरी कंपनियों में भी डायरेक्टरशिप हासिल की है। इसके अलावा कंपनी को कई बीमा पॉलिसी को जोर देकर ग्राहकों को बेचने का दोषी पाया गया। इतना ही नहीं कंपनी ने कई प्रोडक्ट को अच्छा बताकर उसे रैंकिंग में टॉप पर रखा, ताकि ग्राहकों को गुमराह करके इन उत्पादों को बेचा जा सके। कंपनी ने इन उत्पादों को बेहतर बताने के पीछे कोई कारण भी नहीं बताया और न ही ग्राहकों को कोई सलाह दी।

इरडा ने बताया कि पॉलिसीबाजार ने ग्राहकों से पैसे लेकर उसे इंश्योरेंस करने वाली कंपनियों को समय से पहले नहीं पहुंचाया। इस वजह से कंपनी पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर जिन पांच प्रोडक्ट को बेस्ट बताकर टॉप पर दिखाया, उनमें सभी यूलिप प्लान थे।

## यूपीआई-आधारित दैनिक लेनदेन की संख्या पहली बार 70.7 करोड़ तक पहुंची

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2 अगस्त 2025 को यूपीआई-आधारित दैनिक लेनदेन की संख्या पहली बार 70.7 करोड़ तक पहुँच गई। यह एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन बीते वर्षों की तुलना में इसकी वृद्धि दर धीमी रही है।




इस उपलब्धि के साथ, यूपीआई के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मोदी सरकार ने प्रतिदिन 100 करोड़ लेनदेन का लक्ष्य रखा है, और सरकार को उम्मीद है कि यह अगले साल तक हासिल हो जाएगा। हालांकि, फिनटेक कंपनियों और भुगतान संघों का मानना है कि इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को फिर से लागू करना चाहिए।

### क्या है एमडीआर?

दरअसल एमडीआर वह शुल्क है जो बैंक डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया के लिए व्यापारियों से लेते हैं। यह आमतौर पर लेनदेन मूल्य का 1 से 3 प्रतिशत तक होता है। दिसंबर 2019 में, मोदी सरकार ने रुपये डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर माफ कर दिया था। मोदी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 में यूपीआई के लिए सब्सिडी घटाकर 1,500 करोड़ कर दी है, लेकिन उसने एमडीआर की मांग को स्वीकार नहीं किया है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि यूपीआई को वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाया जाना चाहिए, क्योंकि कोई न कोई तब इस लागत को वहन करेगा ही।

यह देखना बाकी है कि क्या एमडीआर को फिर से लागू किया जाएगा या फिर यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर का खर्च उपयोगकर्ताओं को उठाना पड़ेगा। इस बीच, यूपीआई ने दैनिक लेनदेन की मात्रा में वैश्विक भुगतान दिग्गज वीज़ा को पीछे छोड़ दिया है और अब यह भारत के सभी डिजिटल लेनदेन का करीब 85 प्रतिशत संभालता है।

## अब डाकघर में बैंकिंग करने अंगूठा लगाने और ओटीपी की झंझट खत्म आईपीपीबी ने लेन-देन के लिए शुरू की फेस ऑथेंटिकेशन सेवा




नई दिल्ली ■ एजेंसी

अब डाकघर जाकर बैंकिंग करने न तो अंगूठा लगाने और न ही ओटीपी की झंझट...रहेगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने देशभर में आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन सेवा की शुरुआत की है, जिससे अब ग्राहक केवल अपने चेहरे से ही खाता खोल सकेंगे, बैलेंस देख पाएंगे, पैसे भेज सकेंगे और बिल का भुगतान भी कर सकेंगे।

यह सेवा उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी जो अब तक अंगूठे की पहचान या ओटीपी सिस्टम से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों से जूझते रहते थे। बुजुर्गों, दिव्यांगों, और दूरदराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह तकनीक बैंकिंग को आसान बना देगी। फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मानकों पर विकसित किया गया है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत करने के साथ-साथ एक ऐसा सिस्टम तैयार करती है जो पूरी तरह संपर्करहित और सुरक्षित है।

आईपीपीबी के मुताबिक यह सेवा जल्द ही पूरे देश के 1.6 लाख डाकघरों और 3 लाख से ज्यादा पोस्टल कर्मियों के जरिए ग्राहकों तक पहुंचाई जाएगी। यह कदम आपका बैंक, आपके द्वार मिशन के तहत वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। महामारी या किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति में जब शारीरिक संपर्क से बचना अनिवार्य हो जाता है, उस समय यह फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक बेहद कारगर सिद्ध होगी। इससे न सिर्फ लेनदेन तेज और आसान होगा, बल्कि बैंकिंग सेवाएं सभी के लिए ज्यादा सुलभ और सुरक्षित बनेंगी।

## स्टोक्स होते तो परिणाम कुछ और होता : वॉन

लंदन ■ एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि कप्तान बेन स्टोक्स के टीम में नहीं रहने से कोई भी टीम उसे हरा देगी। वॉन के अनुसार टीम को अंतिम टेस्ट में स्टोक्स जैसे जुझारु खिलाड़ी की कमी खली है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड को केवल 35 रन चाहिए थे और उसके पास चार विकेट थे पर जल्दबाजी के कारण उसके हाथ से मैच फिसल गया। भारतीय टीम ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 रनों से मैच जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। वॉन ने कहा, ''स्टोक्स टीम में होते, तो इंग्लैंड ये मैच जीत जाती क्योंकि वह हालात के अनुसार खेलना जानते हैं।वह टीम को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखते हैं।'' वॉन ने कहा, ''उन्हें बस एक अच्छी साझेदारी की ज़रूरत थी। जिस तरह से वे आक्रामक होकर खेलते हैं उसमें वे बेवजह की हड़बड़ाहट कर गये। हैरी ब्रुक के पेवेलियन लौटने से टीम के हाथ से मैच फिसल गया।।'' स्टोक्स कंधे की चोट के कारण पांचवें टेस्ट में नहीं खेल पाए, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स को आराम दिया गया था। वॉन ने कहा कि भारत के खिलाफ रोमांचक सीरीज से इंग्लैंड को इस साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज सीरीज में लाभ होगा। उन्होंने कहा, ''इंग्लैंड ने पांच मैचों में शानदार प्रदर्शन किया पर आपको वास्तविकता में रहना होगा।

## अब टेस्ला ने किया दिल्ली का रुख, 11 अगस्त को करेगी दूसरा शोरुम लॉन्च

नई दिल्ली ■ एजेंसी

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला की अब भारत पर नजर है। कंपनी ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोलने के बाद अब दिल्ली का रुख किया है। रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला 11 अगस्त को दिल्ली के एरोसिटी में अपना दूसरा शोरूम लॉन्च कर रही है। यह इलाका दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्थित है और हाई-एंड कमर्शियल हब के रूप में जाना जाता है।




दिल्ली में शोरूम खोलने का फैसला ऐसे समय लिया है जब टेस्ला ने हाल ही में भारत में अपना लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वॉय पेश किया है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत के लिए एक आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जहां शुरुआत में केवल मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम के लोग ही अपनी रुचि दर्ज कर सकते थे। इससे यह साफ़ है कि कंपनी का शुरुआती फोकस मेट्रो शहरों पर है। टेस्ला ने भारत में अपने सफर की शुरुआत मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित मॉल में अपने पहले शोरूम से की थी। इस शोरूम में टेस्ला के दो वेरिएंट मॉडल वाय रेयर व्हील ड्राइव आरडब्ल्यूडी और लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी को प्रदर्शित किया है, जिन्हें कंपनी ने अपने शंघाई स्थित प्लांट से भारत में मंगवाया है। कंपनी ने बताया है कि आरडब्ल्यूडी मॉडल की डिलीवरी तीसरी तिमाही के अंत तक शुरू हो जाएगी, जबकि लॉन्ग-रेंज वर्जन की डिलीवरी चौथी तिमाही में की जाएगी।

## फैबइंडिया ने पेश किया पारंपरिक कारीगरी से सजा राखी कलेक्शन

इंदौर ■ एजेंसी

फैबइंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के शुभ अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। यह कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का एक सुंदर संगम है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता और गरिमा के साथ दर्शाता है। इस साल का कलेक्शन मुख्य रूप से गुलाबी रंग-पैलेट पर केंद्रित है, जिसमें हल्के गुलाबी से लेकर गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं। कपड़ों को पारंपरिक खड़ी प्रिंटिंग और मेटैलिक एम्ब्रॉयडरी जैसी खास कारीगरी से सजाया गया है, जो उन्हें एक विशेष फेस्टिव लुक और चमक प्रदान करते हैं। यह कलेक्शन कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल दोनों श्रेणियों में उपलब्ध है। यह नया कलेक्शन राखी पर तोहफा देने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें कपड़ों के साथ-साथ खास गिफ्टिंग सेट भी शामिल हैं, जो प्यार और अपनापन दर्शाते हैं। फैबइंडिया का यह रक्षाबंधन 2025 कलेक्शन अब कंपनी की वेबसाइट www.fabindia.com पर उपलब्ध है।

## भारत का म्युचुअल फंड सेक्टर अब 74.4 लाख करोड़ एयूएम पर पहुंचा

### निवेश ज्यादातर कॉर्पोरेट बॉन्ड और कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी स्ट्रैटेजी में हुआ

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत का म्युचुअल फंड सेक्टर अब 74.4 लाख करोड़ के एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) तक पहुंच गया है, जिसमें पिछले 10 सालों में सात गुना की ग्रोथ हुई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। म्युचुअल फंड इंडस्ट्री में सबसे बड़ा हिस्सा अब भी इक्विटी फंड्स का है, जो कुल एयूएम का 59.94 फीसदी है। डेट फंड्स का हिस्सा 26.53 फीसदी है, जबकि हाइब्रिड फंड्स 8.28फीसदी योगदान दे रहे हैं। बाकी अन्य फंड्स 5.26फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं। इस तिमाही जून 2025 में डेट फंड्स में 2.39 लाख




करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ है, जो पिछली तिमाही में हुए आउटफ्लो के उलट है। ये निवेश ज्यादातर कॉर्पोरेट बॉन्ड और कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी स्ट्रैटेजी में हुआ है, जो बदलती ब्याज दरों की वजह से संस्थागत निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। इस तिमाही में कुल 3.98 लाख करोड़ का निवेश हुआ, जिसमें से इक्विटी फंड्स में करीब 64फीसदी हिस्सा ब्रॉड-बेस्ड फंड्स में गया, जबकि 31फीसदी निवेश आर्बिट्राज फंड्स में आया। रिपोर्ट के मुताबिक पैसिव फंड्स का निवेशकों के बीच क्रेज़ बढ़ रहा है। अब ये कुल एयूएम का 17फीसदी हिस्सा बन चुके हैं। क्यू2 2025 में पैसिव फंड्स में 36,000 करोड़ का निवेश हुआ, जबकि एक्टिव स्ट्रैटेजीज में 3.62 लाख करोड़ का। इक्विटी के अंदर ब्रॉड-बेस्ड पैसिव फंड्स ने 106फीसदी का योगदान यह दर्शाता है कि निवेशक अब बड़े इंडेक्स और ब्लूचिप फंड्स पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

## गुनगुने पानी के साथ अजवाइन खाएं, सेहत को मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे



क्या आपको भी यही लगता है कि अजवाइन का इस्तेमाल सिर्फ खाने-पीने की चीजों के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता है? अगर हां, तो आपको अपनी इस गलतफहमी को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पोषक तत्वों से भरपूर अजवाइन को सही तरीके से डाइट प्लान में शामिल करने से आपकी सेहत को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। आइए जानते हैं कैसे...

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

क्या आपको अक्सर पेट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है? अगर हां, तो आपको अजवाइन का सेवन करना शुरू कर देना चाहिए। अगर आप अपनी गट हेल्थ को सुधारना चाहते हैं, तो आपको हर रोज नियम से गुनगुने पानी के साथ अजवाइन को कंज्यूम करना शुरू कर देना चाहिए। कब्ज, ब्लोटिंग, पेट दर्द जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए अजवाइन का सेवन किया जा सकता है।

### सर्दी-जुकाम से मिलेगी राहत

बदलते मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी-जुकाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अजवाइन की तासीर गर्म होती है। अगर आप गुनगुने पानी के साथ अजवाइन का सेवन करते हैं, तो आपको सर्दी-जुकाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। इंफेक्शन से लड़ने के लिए भी इस तरह से अजवाइन का सेवन किया जा सकता है।

### वेट लॉस में कारगर

जो लोग अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी अजवाइन काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। गुनगुने पानी के साथ अजवाइन खाने से बॉडी के मेटाबॉलिज्म को काफी हद तक बूस्ट किया जा सकता है। यही वजह है कि वेट लॉस के दौरान अजवाइन का सेवन करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको लिमिट में रहकर ही अजवाइन का सेवन करना चाहिए।

## पोषक तत्वों से भरपूर मोरिंगा है गुणों की खान, डाइट में ऐसे करेंगे शामिल तो कई गंभीर बीमारियां होंगी दूर

मोरिंगा की पत्तियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं और स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इनमें क्वेरसेटिन और केम्पफेरोल जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और सूजन-रोधी यौगिक पाए जाते हैं। यह विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है, जो शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। आइए जानते हैं सहजन की पत्तियों के फायदे और उन्हें इस्तेमाल करने का तरीका?



### मोरिंगा के फायदेः

श्वसन स्वास्थ्य में सुधार- मोरिंगा फेफड़ों की सूजन को कम करने और वायुमार्ग को खोलने में मदद कर सकता है। इसके म्यूकोलाइटिक गुण बलगम को पतला करके फेफड़ों से बाहर निकालने में सहायता करते हैं, जिससे सांस लेना आसान हो जाता है।

शरीर की सफाई- मोरिंगा लिवर के डिटॉक्स मार्गों को सहारा देता है। इससे लिवर बेहतर काम करता है, और किडनी और फेफड़ों पर विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का बोझ कम हो जाता है। इसमें पाए जाने वाले ग्लूकोसाइनोलेट्स जैसे यौगिक किडनी को नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं, खासकर उन लोगों में जो विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं।

मोरिंगा स्किन के लिए- मोरिंगा सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं, बल्कि त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व, एंटीऑक्सीडेंट और सूजन-रोधी गुण त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। इसमें विटामिन C, A और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से त्वचा को बचाते हैं। इससे झुर्रियां और बढ़ती उम्र के निशान कम होते हैं।

तनाव कम करना- मोरिंगा के पोषक तत्व शरीर में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे तनाव कम करने में सहायता मिल सकती है।

### मोरिंगा का उपयोग कैसे करें?

मोरिंगा पाउडर- यह सबसे आसान तरीका है। आप एक चम्मच मोरिंगा पाउडर को पानी, स्मूदी, सूप, या जूस में मिलाकर पी सकते हैं।

ताज़ी पत्तियां- मोरिंगा की पत्तियों को सलाद में मिला सकते हैं, सब्जियों की तरह पका सकते हैं, या उनका रस निकालकर पी सकते हैं। मोरिंगा की सूखी पत्तियों को गर्म पानी में डालकर चाय बनाई जा सकती है।

कैप्सूल- अगर आपको मोरिंगा की पत्तियों का स्वाद पसंद नहीं है, तो आप मोरिंगा के कैप्सूल का सेवन कर सकते हैं।

## लाड़ली बहनों को 07 अगस्त को रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये की दी जाएगी अतिरिक्त राशि

शहडोल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी 07 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपये की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। बहनों के खातों में यह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी की जाएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



शहडोल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयर हाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, राकेश कन्नौजिआ, अरफाना सेख, रामनाथ यादव, राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 71 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**अनूपपुर** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने 71 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्री कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा श्री अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ श्री सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम दुलहरा तहसील अनूपपुर के श्री पुरुषोत्तम दास पटेल ने भू-अधिकार पुस्तिका में नाम सुधारने, ग्राम लमसरई तहसील पुष्पराजगढ़ की श्रीमती सुघरबती बाई ने चिकित्सा हेतु सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम गुंवारी तहसील जैतहरी के श्री प्रदीप जायसवाल ने उनके पट्टे की भूमि को मोजर बेयर कम्पनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने पर कम्पनी द्वारा रोजगार दिलाए जाने तथा अन्य आवेदकों ने पट्टे की भूमि का सीमांकन व नक्शा तरमीम कराने, प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाए जाने व समग्र आईडी में सुधार कराए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

## भारती टॉवर में भीषण आग से लाखों का नुकसान

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के न्यू गांधी चौक स्थित व्यस्ततम इलाके में बने बहुमंजिला भारती टॉवर में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस इमारत में भारती प्रेस, हरियाणा हैंडलूम, जिम सेंटर सहित कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित होते हैं। हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आगजनी से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन यह घटना नगर पालिका परिषद की आपराधिक लापरवाही को साफ दर्शाती है। घटना के समय नगर पालिका की दमकलें मौके पर तो पहुंची, लेकिन उन्हें बिना किसी जरूरी उपकरण, ड्रेस और तकनीकी तैयारियों के देखा गया। एक ओर जहां कर्मचारी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर संसाधनों की भारी कमी ने उनकी मेहनत को बेमानी बना दिया। शहडोल नगर पालिका के फायर डिपार्टमेंट की पोल इस एक घटना ने खोल दी। सवाल यह उठता है कि जब शहर में बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी दी जाती है, तो क्या फायर एनओसी और सुरक्षा मानकों की जांच सिर्फ औपचारिकता भर होती है? क्या भारती टॉवर को फायर एनओसी दी गई थी? अगर दी गई थी तो टॉवर में अग्निशमन यंत्र और सिस्टम क्यों नहीं थे? अगर एनओसी नहीं दी गई थी तो बगैर सुरक्षा प्रमाण-पत्र के वर्षों से यहां दुकानें और प्रतिष्ठान कैसे संचालित हो रहे थे? इन सवालों का जवाब न नगर पालिका ने अब तक दिया है, न ही फायर डिपार्टमेंट ने। इससे यह स्पष्ट होता है कि या तो नियमों को ताक पर रखकर मंजूरी दी गई है या फिर निरीक्षण सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव खुद मौके पर पहुंचे। हालांकि, प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद ही रिलायंस और ओपीएम से प्रशिक्षित फायर फाइटर्स पहुंचे, जिनकी मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। इस दौरान यह भी उजागर हुआ कि नगर पालिका के फायर अमले के पास आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। फायर विभाग में काम कर रहे कर्मचारियों के पास ना तो आग से बचाव के लिए ड्रेस है, ना ही प्रशिक्षण। स्थानीय सूत्रों की माने तो विभाग में दैनिक वेतनभोगी और अयोग्य कर्मियों की भर्ती की गई है, जिन्हें नियमित सुविधाएं तक नहीं दी जा रहीं। यह न केवल कर्मचारियों की जान के साथ खिलवाड़ है, बल्कि पूरे शहर को खतरे में डालने जैसा है। हर बार की तरह इस बार भी प्रशासनिक गलियारे में जांच, नोटिस और कार्यवाही की चर्चा हो रही है। लेकिन जनता अब सवाल पूछ रही है कि जब पहले से पता था कि शहर में बहुमंजिला इमारतें संसाधनों के अभाव में खतरा हैं, तब पहले से व्यवस्था क्यों नहीं की गई?

# जिले में हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

### आवश्यक तैयारियों के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अनूपपुर

जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के व्यवस्थित एवं गरिमामयी आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के हर्षोल्लास एवं गरिमामय आयोजन हेतु सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इसरार मंसूरी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंजलि द्विवेदी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्री कमलेश पुरी, एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा, जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित सर्व संबंधी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान परिसर में होगा। इस मौके पर परेड और स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन होगा।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण, सलामी, मार्चपास्ट, मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन एवं गुणवत्तापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परेड में जिला पुलिस बल, एस.ए.एफ. पुलिस बल एवं होमगार्ड आदि शामिल होंगे। जिले के युद्ध/नक्सली हमले में शहीद हुए सैनिकों/जवानों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन हेतु दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। सभी संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए कार्य में लग जाएं तथा समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो। उन्होंने कहा कि समारोह की सफलता और भव्यता के लिए सभी विभागों में समन्वय होना नितांत आवश्यक है। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में बैठक व्यवस्था, यातायात, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। शासन के निर्देशों तथा ध्वज संहिता का पालन किया जाए। सभी शासकीय भवनों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में रोशनी की व्यवस्था करायें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे मिनट-टू-मिनट फाईनल रिहर्सल का कार्यक्रम होगा, जिसमें स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी प्रस्तुतियों का रिहर्सल होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह तथा फाईनल रिहर्सल उत्कृष्ट स्कूल प्रांगण में होगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय अनूपपुर में स्थित शासकीय कार्यालयों के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल पर सहभागिता अनिवार्य होगी। अतः राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में सभी शासकीय सेवक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## थाना रामनगर पुलिस ने किया चोरी की वारदात का खुलासा ,तीन आरोपी गिरफ्तार, एसईसीएल की 65 हज़ार की केबल वायर बरामद



थाना रामनगर क्षेत्र में एसईसीएल के सब स्टेशन से केबल वायर चोरी की वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 04 अगस्त 2025 को श्रीमती दुर्गाबाई पति शिवलाल महोबे, उम्र 52 वर्ष, सुरक्षा प्रभारी ङ्क राजनगर एरिया, सीसीएल हसदेव क्षेत्र ने थाना राजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाबू लाइन सब स्टेशन के बगल से स्थित बिजली पोल से सब स्टेशन की दीवार तक लगभग 20 मीटर लंबी आर्म्ड केबल कॉपर वायर, जिसकी कीमत लगभग ?65,000 है, कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर थाना राजनगर में अपराध क्रमांक 214/25, धारा 303(2) ब्नहस्र के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में टीम गठित की गई जिसमे थाना रामनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के कुछ ही घंटों में आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपी

1 सूरज हथेल पिता सुफल हाथेल, उम्र 22 वर्ष

2 किशन नरपरवा पिता मातादीन नरपरवा, उम्र 27 वर्ष

3 आयुष मालिक पिता स्व. राजू मालिक, उम्र 19 वर्ष

(निवासी ङ्क वार्ड क्रमांक 7, सिविल कॉलोनी, राजनगर)

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 मीटर आर्म्ड केबल कॉपर वायर (कीमत ?65,000) बरामद की है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध विधिसंगत कार्रवाई की गई है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई को थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रआर. 84 सनत कुमार द्विवेदी, आरक्षक 547 अनुराग भार्गव, आरक्षक 529 अनुराग सिंह द्वारा अंजाम दिया गया।

## सतना सायबर सेल ने विगत 10 माह में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 35 लाख 25 हजार रूपये कीमत के 255 मोबाइल खोजे

पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता (भापुसे) को प्रतिदिन मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। जिस पर से पुलिस अधीक्षक सतना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं देहात श्री शिवेश सिंह एवं श्री प्रेमलाल कुर्वे को उक्त मोबाइलों को सायबर सेल सतना की टीम से ट्रेस कराकर उनकी शीघ्र बरामदगी कराने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी एवं




संबन्धित अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल उनि0 अजीत सिंह द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु सायबर सेल की टीम को लगाया गया। सायबर सेल टीम द्वारा उक्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विगत 10 माह में लगभग 35 लाख 25 हजार रूपये कीमत के विभिन्न कम्पनियों के कुल 255 मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद किये गये मोबाइल एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, पोको, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनक्स, लावा और अन्य कंपनियों के मोबाइल।

## राष्ट्रीय कवि संगम मण्डला ने मनाया हरियाली उत्सव रचनाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध किया

मण्डला-विगत दिवस राष्ट्रीय कवि संगम मण्डला के तत्वावधान में शहर की वरिष्ठ साहित्यकार आद. ललिता मोदी जी के आशीर्वाद से संस्था की अध्यक्ष आद. रेखा ताम्रकार राज जी द्वारा हरियाली उत्सव का आयोजन संस्कृति भवन, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट मण्डला के सभागार में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष आद. प्रो. राजेश ठाकुर जी, मुख्य अतिथि आद. जगदीश सिंगौर ओशोश्री जी, विशिष्ट अतिथि आद. अधि.अजीत जैन जी एवं आद. पी.के. डोंगरे जी ने उपस्थित समस्त साहित्यकारों के साथ मातारानी के समक्ष दीप प्रवलित कर पूजा-अर्चना की। आद. संगीता गुप्ता सेतु ने माँ सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मंच संचालन आद. कल्पना पाण्डेय काव्यांजलि जी ने किया। तत्पश्चात उपस्थित रचनाकार आद. आशा अवस्थी मृदु, डॉ. स्वल्पा बड़गैंया, अन्नपूर्णा तिवारी अनु, वल्लभ यमुनेश्वरी, वंदना सिंह त्वरित, सविता मोदी, अन्नपूर्णा त्रिपाठी अनुकेश, सुनीता सोनी, संगीता गुप्ता सेतु, महिमा साहू, हेमंत श्रीवास्तव अश्रु, नीरज सार्वे, हिमांशु अवस्थी, जया गुप्ता, कल्पना पाण्डेय काव्यांजलि, रेखा ताम्रकार राज एवं मंचासीन अतिथि प्रो. राजेश ठाकुर जी, जगदीश सिंगौर ओशोश्री जी, अधि.अजीत जैन जी एवं पी.के. डोंगरे जी ने विविध विषयों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक रचनाओं की प्रस्तुति दे कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आद. सुनील मिश्रा, अंजली अवस्थी, रेणु कछवाहा, प्रवीण मोदी, मधुर सिंह, अक्षत मोदी, सतीश तिवारी, मा. मान, बेबी मन्नत की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सतना में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा राष्ट्रीय रोजगार मेला लगाने के लिए माननीय सांसद श्री गणेश सिंह आज केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया जी से मुलाकात की

सांसद श्री गणेश सिंह जी ने देश के खेल एवं युवा मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया जी से संसद में आज दोपहर उनके कक्ष में मुलाकात की और उन्हें सतना में विश्व स्तरीय नॉर्म्स के जो स्टेडियम और स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाए गए हैं, वहां पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी खेलने आते हैं, लेकिन केंद्र सरकार का कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं है, जल्द से जल्द सतना में एक प्रशिक्षण केंद्र दिया जाए, साथ ही बढ़ते हुए रोजगार को देखते हुए जैसा कि देश के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रीय रोजगार मेले लगाए जाते हैं, इस तर्ज पर मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना में भी एक वृहद रोजगार मेला लगाया जाए, इस संबंध का ज्ञापन आज सौंपा गया, माननीय मंत्री जी ने दोनों समस्याओं के साथ ही पिछले दिनों श्रमिकों के चिकित्सा के लिए 100 बिस्तर का बीमा चिकित्सा अस्पताल सतना में स्थापित किए जाने हेतु जो स्वीकृति पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी को 2023 में दिया था, उस अस्पताल के भवन निर्माण हेतु वर्तमान श्रम मंत्री जी



ने आदेश जारी किया है तथा अस्पताल बनाए जाने हेतु भूखंड की मांग की है, उसके अनुसार जिला प्रशासन ने भूमि आरक्षित कर लिया है और बहुत जल्द ही अस्पताल के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा, इससे पूरे संसदीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए उच्च स्तरीय बीमा चिकित्सा का लाभ मिलेगा, सांसद श्री गणेश सिंह ने आज ये भी बताया है कि 36 करोड़ की लागत से जो स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाया गया है तथा धवारी क्रिकेट स्टेडियम सहित अन्य स्टेडियम जो बनाए गए हैं, उन सब के लोकार्पण के लिए केंद्रीय खेल मंत्री जी ने अक्टूबर में अपना समय देने के लिए मुझे अस्वस्थ किया है।

भारत की शान है तिरंगा हर घर में लहराये तिरंगा

## जिले में चलाया जा रहा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान

शहडोल

जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जा रही है, साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत चरहेट में स्वच्छता के साथ स्वतंत्रता दिवस



मनाने के लिए प्राथमिक शाला के विद्यार्थियो ने पोस्टर बनाए। पोस्टर में भारत की शान है तिरंगा, हर घर से लहराये तिरंगा, स्वच्छता ही सेवा हम सबका यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना, हर घर तिंरगा जैसे अन्य देशभक्ति के स्लोगन प्रदर्शित किये गए। इन आयोजनों में ग्राम पंचायत पेसा मोबलाइजर, स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी अग्रणी भूमिका निभा रहे है। ज्ञात हो कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी मोहगाँव ने किसानों को खाद की समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार मोहगाँव को सौंपा ज्ञापन

मंडला।

जिले के मोहगांव ब्लॉक अंतर्गत सहकारी समिति लेंपस मोहगाँव, सिंगारपुर, चाबी, मुनू में यूरिया सहित अन्य खादों की कमी किसानों को हो रही है। आम जनता में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, समय में खाद न मिलने के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं। जो भी खाद लेंपस में आ रही है यह कम है और जो भी खाद आ रही है उसमें भी कालाबाजारी हो रही है। इन सभी विषयों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहगाँव द्वारा निम्न मांगें रखी गई हैं- कि सात दिवस



के अंदर किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से खाद उपलब्ध कराई जाये। खाद की काला बाजारी बंद कराई जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त मांगों को सात दिवस तक पूरा किया जावे अन्यथा की स्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहगाँव द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 09, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संपादक डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो. 9893798715